आत्मसम्मान खोकर जो भी चीज मिले, वह आपको शोहरत तो दे सकती है, लेकिन सुकून नहीं। उत्थान के लिए निरंतर सकारात्मक कर्म करते रहिए...

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 197- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 2 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

फैन्स के आगे झुका... पेज 7

आज का मौसम

आज सुबह का तापमान 24.2डिसे

दोपहर 12 बजे तक 28 डिसे

भारी बारिश के आसार

» न्यूज गैलरी

भाजपा सरकार के विरुद्ध कांग्रेस ने जारी किया आरोप पत्र

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

शिवराज सरकार के विरुद्ध कांग्रेस ने अब हमले और तेज कर दिए है। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने सरकार के विरुद्ध आरोप पत्र जारी किया है । पहली किस्त में प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है। जबकि, दूसरी किस्त में विभागवार आरोप पत्र जारी होगा।प्रदेश कांग्रेस ने सरकार के विरुद्ध आरोप पत्र तैयार करने के लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह की अध्यक्षता में समिति बनाई थी। पूर्व विधायक पारस सकलेचा के साथ मिलकर उन्हें आरोप पत्र तैयार किया । पार्टी ने तय किया है कि पहले प्रमुख मुद्दों को जनता के सामने रखा जाएगा और फिर दूसरी किस्त में विभागवार भ्रष्टाचार, कुशासन और कुप्रबंधन के मुद्दे उठाए जाएंगे। इसके लिए संभागीय मुख्यालय और फिर संबंधित मंत्री के क्षेत्र में पत्रकारवार्ता की जाएगी।

संयुक्त अरब अमीरात में तैयार भव्य हिंदू मंदिर का बहुत जल्द उद्घाटन

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

मुस्लिम बहुल देश संयुक्त अरब अमीरात में तैयार हिंदू धर्म का एक भव्य मंदिर का बहुत जल्द उद्घाटन होने वाला है. साल 2024 में 14 फरवरी को इस मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा. वर्षों की मेहनत और स्वयंसेवकों के प्रयास से तैयार हुआ यह मंदिर एक बहुत बड़ी उपलब्धि है. बीते 2 अगस्त, 2023 को न्यू जर्सी के रॉबिंसविले में परम पावन महंत स्वामी महाराज की सुबह की पूजा के बाद पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी ने उद्घाटन के हार्दिक निमंत्रण के साथ महंत स्वामी महाराज को एक सुंदर माला भेंट की. बता दें कि बीएपीएस हिंदू मंदिर के शीर्ष प्रतिनिधियों ने बताया था कि मिडिल ईस्ट का पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर फरवरी में जनता के लिए कोला जाएगा.

अधीररंजन का निलंबन विशेषाधिकार समिति आज चर्चा करेगी

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को लोकसभा से निलंबित करने के मामले में विशेषाधिकार समिति आज चर्चा करेगी। अधीर रंजन को मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में 10 अगस्त को सस्पेंड कर दिया गया था। अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी की थी। कांग्रेस नेता ने कहा था. श्मणिपुर और हस्तिनापुर में कोई फर्क नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी नीरव मोदी बनकर चुप्पी साधे बैठे हैं। नीरव का मतलब होता है. शांत रहना। मेरा मकसद पीएम का अपमान करने का नहीं था। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सदन में निलंबन का प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता हर बार देश और सरकार की छवि को खराब करने की कोशिश करते हैं। हमने उसी दौरान माफी की मांग की थीए लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी। उनके खिलाफ प्रस्ताव लाया गयाए जिसे स्वीकृत किया गया। स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी का बर्ताव सदन के अनुरूप नहीं था।

ब्रिटेन में तेजी से बढ़ रहे हैं कोरोना मरीज

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

यूनाइटेड किंगडम में नए ओमि ्रोन वैरिएंट एरिस के कारण कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. पूरे ब्रिटेन में एरिस के मामलों में वृद्धि के कारण स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि क्या ब्रिटेन को फिर से मास्क पहनना चाहिए? स्वास्थ्य विशेषज्ञ ब्रिटेन में बढ़ते मामलों से निपटने के लिए फेस मास्क को फिर से शुरू करने की वकालत कर रहे हैं.उपलब्ध ताजा आंकड़ों के अनुसार, यूके में दर्ज किए गए लगभग 14.6 प्रतिशत कोविड-19 मामलों के लिए एरिस वैरिएंट को जिम्मेदार ठहराया गया है।

पश्चिम बंगाल के 4 जिलों में स्वतंत्रता दिवस आज

पहले पूर्वी पाकिस्तान में शामिल किए गए थे, विरोध के बाद दोबारा खींची गई रेडक्लिफलाइन

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

देशभर में स्वतंत्रता दिवस का जश्न 15 अगस्त को मनाया जा चुका है,पर पश्चिम बंगाल के नदिया, मालदा, जलपाईगुड़ी और दिनाजपुर जिले में बांग्लादेश की सीमा से सटे कुछ इलाकों में यह आज 18 अगस्त को मनाया जा रहा है। अलग तारीख को स्वतंत्रता दिवस मनाने की वजह भी है। दरअसल, अगस्त 1947 की एक शाम को आल इंडिया रेडियो की एक खबर ने इस इलाके के लोगों के जीवन में भूचाल ला दिया था। देश के विभाजन के समय सीमा तय करने के लिए गठित सीमा आयोग के प्रमुख रेडक्लिफने पूरे नदिया जिले के अलावा उत्तर 24 परगना, मालदा और दिनाजपुर के कुछ हिस्सों को पूर्वी पाकिस्तान में शामिल करने का फैसला किया था। इस खबर के प्रसारण के बाद इलाके के लोग भड़क गए और वे सड़कों पर उतर आए थे। इस फैसले के खिलाफहड़ताल भी बुलाई गई। हालात बिगड़ते देखकर कोलकाता स्थित सेना मुख्यालय फोर्ट विलियम से इलाके में सेना भेजी थी।

माउंटबेटन के आदेश पर दोबारा खींची गई थी रेडक्लिफलाइन

हालात तेजी से बेकाबू होते देख तत्कालीन वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने आखिर दो दिनों के बाद नक्शे में बदलाव करते हुए रेडक्लिफलाइन नए सिरे से खींचने का आदेश दिया। इस नए निर्देश में कहा गया था कि नदिया जिले के तीन मुस्लिम बहुल सब.डिवीजनों के अलावा मालदाए दिनाजपुर और जलपाईगुड़ी के कुछ हिस्से ही पूर्वी पाकिस्तान में शामिल किए जाएंगेए बाकी हिस्से भारत में ही रहेंगे। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। नदिया जिले के शिवनिवास में 14 अगस्तए 1947 की रात से ही पाकिस्तानी झंडा फहरा रहा था। 18 अगस्त को उसे उतार कर उसकी जगह भारतीय झंडा फहराया गया। कई साल तक इस घटना को लगभग भुला दिया था। काफी कोशिशों के बाद 1991 में शिवनिवास निवासी अंजन सुकुल ने केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय से इलाके में 18 अगस्त को स्वाधीनता दिवस मनाने और तिरंगा फहराने की मंजूरी मिल गई।

बिलकिस बानो केस:सुप्रीम कोर्ट का गुजरात सरकार से सवाल

दोषियों को उम्रकैद की थी सजा, फिर 14 साल में कैसे रिहा हुए?

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

सुप्रीम कोर्ट में कल बिलकिस बानो मामले में सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार को कुछ कठिन सवालों का सामना करना पड़ा. जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने गुजरात सरकार से पूछा कि दोषियों को मौत की सजा हुई थी, जिसे बाद में उम्रकैद में बदला गया, ऐसे में वे 14 साल की सजा काटकर कैसे रिहा हुए? फिर 14 साल की सजा के बाद रिहाई की राहत बाकी कैदियों को क्यों नहीं दी जा रही? इस मामले में सेलेक्टिवली इन दोषियों को पॉलिसी का लाभ क्यों दिया गया? शीर्ष अदालत 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उसके परिवार की हत्या के लिए दोषी ठहराए गए लोगों की असामयिक रिहाई पर याचिकाओं की एक श्रृंखला पर सुनवाई कर रहा है.। शीर्ष अदालत ने गुजरात सरकार से कहा, 'कठोर अपराधियों को 14 साल के बाद रिहा कर उन्हें सुधरने का मौका देने वाला यह नियम कहां तक अन्य कैदियों पर लागू किया जा रहा है? इस नीति को कुछ चुनिंदा कैदियों पर ही क्यों लागू किया जा रहा है? सुधार और पुन-एकीकृत होने का अवसर सभी को दिया जाना चाहिए. हमारी जेलें क्यों भर रही हैं? हमें डेटा दें.' अदालत ने यह भी सवाल किया कि बिलकिस बानो के दोषियों के लिए जेल एडवाइजरी कमेटी का गठन किस आधार पर किया गया? जिससे राज्य को विवरण प्रदान करने का आदेश दिया गया. इसमें यह भी पूछा गया कि जब मुकदमा गोधरा की अदालत में नहीं चलाया गया तो उसकी राय क्यों मांगी गई?

पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर सभी 11 दोषियों को रिहा किया गया था

पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर रिहा किए गए 11 लोगों को महाराष्ट्र की एक अदालत ने सजा सुनाई थी. जिस न्यायाधीश ने उन्हें दोषी पाया, उन्होंने राज्य के इस सवाल पर भी नकारात्मक प्रति या दी थी कि क्या दोषियों को रिहा किया जाना चाहिए. मामले की सुनवाई गुजरात से महाराष्ट्र स्थानांतरित कर दी गई, क्योंकि यह महसूस किया गया कि राज्य में निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं होगी. गौरतलब है कि 2002 में गोधरा स्टेशन पर जलती हुई साबरमती एक्सप्रेस में 59 कार सेवकों की मौत के बाद, राज्य के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक दंगे भड़क गए थे. गुजरात सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि अदालत के सवालों का जवाब सामान्य तौर पर देना मुश्किल है. हालांकि, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एक मामला यहां लंबित है, जिसमें सभी राज्यों को विस्तृत जानकारी देनी है. उन्होंने कहा कि दोषियों को कानून के मुताबिक रिहा किया गया है. चूंकि उन्हें 2008 में दोषी ठहराया गया था, इसलिए उन पर 1992 की नीति के तहत विचार किया जाना था. शीर्ष अदालत द्वारा राज्य को एक दोषी की याचिका पर निर्णय लेने के लिए कहने के बाद, दोषियों को एक पुरानी नीति के आधार पर रिहा किया गया था, जिसमें एक पैनल से परामर्श किया गया था जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े लोग शामिल थे।

अमित शाह के नियम से बंटे टिकट 70 पार के विधायक होंगे दरकिनार

भाजपा में जिताऊ उम्मीदवार को ही मिलेगा मौका

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर रणनीतिक बढ़त बना ली है। दूसरी सूची भी जल्द सामने आ सकती है। भाजपा ने हारी सीटों पर लिए फीडबैक के आधार पर रणनीति बनाई और उसी के तहत चुनावों से करीब 100 दिन पहले 39 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की चुनावी रणनीति की कमान अपने हाथों में ले रखी है। ऐसे में उन्होंने फीडबैक के आधार पर टिकट की गाइडलाइन भी बनाई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि 70 साल से अधिक उम्र के विधायकों के टिकट कटेंगे। नेता के परिवार के सदस्यों को भी टिकट तभी मिलेंगे, जब उनकी जीत की गारंटी हो। पार्टी परिवारवाद और वंशवाद से दूर रहना चाहती है। जो बुजुर्ग नेता या विधायक अपने परिवार में टिकट मांग रहे हैं, उन्हें निराशा हाथ लग सकती है।

हारे हुए उम्मीदवारों से परहेज नहीं

भाजपा ने पहली सूची में उन 39 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की हैं, जहां एक या दो चुनाव से पार्टी हार रही थी। कभी जीती भी थी तो बहुत कम अंतर से। इन्हें सी और डी कैटेगरी की सीटों में रखा गया था। हैरानी की बात तो यह है कि 14 ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है, जो पहले हार चुके हैं। इसी तरह छह पूर्व विधायकों को टिकट दिया है, जिनके टिकट 2018 में काटे गए थे। फिर ऐसी सीटें भी हैं जहां भाजपा प्रत्याशी की हार दस हजार से कम वोट से हुई थी। इस लिस्ट से यह स्पष्ट है कि भाजपा सिर्फ उन नेताओं पर भरोसा कर रही है, जिनके पास जीतने की ताकत है। जो सीट निकालने का माद्दा रखते हैं।

चुनावी तैयारी के लिए वक्त देना है

अमित शाह को प्रदेश में हारी सीटों से जो फीडबैक मिला, उसमें सबसे बड़ा मुद्दा चुनावी तैयारी के लिए वक्त की कमी का था। उम्मीदवारों का कहना था कि वक्त मिलता तो वे माहौल बना सकते थे। उन्हें इतना वक्त ही नहीं मिला कि वह कांग्रेस की मजबूत पकड़ वाली सीटों पर हार को जीत में बदल सके। इस वजह से चुनाव से 90 दिन पहले टिकट तय हुए हैं। जल्द ही अन्य हारी सीटों पर भी भाजपा अपने उम्मीदवार घोषित कर सकती है। इसकी तैयारी और फीडबैक का काम पूरा हो चुका है।

70 पार को नहीं बनाएंगे उम्मीदवार

पार्टी ने तय किया है कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के नेताओं को टिकट नहीं दिया जाएगा। इससे गोपाल भार्गव समेत कम से कम दस विधायकों के टिकट कटने की संभावना बताई जा रही है। आठ बार के विधायक गोपाल भार्गव 72 के हो चुके हैं। ऐसे में उनके बेटे अभिषेक का दावा भी मजबूत बताया जा रहा है। हालांकि, अमित शाह की गाइडलाइन साफ है कि टिकट सिर्फ जिताऊ उम्मीदवार को दिया जाएगा। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि रहली विधानसभा से भाजपा किसे उतारती है। वैसे, पहली लिस्ट में 39 में से दो उम्मीदवारों की आयु 70 वर्ष से अधिक है। इस आधार पर कहा जा रहा है कि जिताऊ प्रत्याशी के लिए उम्र के नियम को दरकिनार किया जा सकता है।

पहली सूची ने जगाई उम्मीद

पहली सूची में भाजपा ने 50 से कम उम्र के 17 उम्मीदवारों को रखा है। वहीं, 50 से 60 वर्ष की आयु के बीच 13 उम्मीदवार हैं। पहली लिस्ट में युवाओं को बराबरी से तवज्जो दी जा रही है। आगे आने वाली सूचियों में भी यह ट्रेंड दिख सकता है। इसके साथ ही स्थानीय समीकरणों पर फोकस किया गया है। चार महिला उम्मीदवारों को टिकट देने के साथ ही अजा की आठ और अजजा की 13 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 18 अनारक्षित सीटों में से सिर्फ पांच पर ही सामान्य उम्मीदवारों को उतारा गया है। वहीं, 13 उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं। मध्य प्रदेश की आबादी में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग को आगे भी उम्मीदवारी में तरजीह मिलने वाली है।

बारिश से हिमाचल-उत्तराखंड में हाहाकार

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हुई बारिश तथा भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। इन दोनों राज्यों में जून महीने से लेकर अब तक 230 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इतना ही नहीं, इन दोनों राज्यों में इस सप्ताह 84 लोगों की मौत हुई है। पंजाब में बाढ़-बारिश में चार की जान गई है। हिमाचल प्रदेश में मानसूनी बारिश ने कहर बरपाया है. मूसलाधार बारिश ने हर तरफ तबाही मचाई है। स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है. प्राकृतिक आपदा के निशान हर तरफ देख जा सकते हैं. शिमला से लेकर धर्मशाला, सोलन, कुल्लू, बिलासपुर तक में व्यापक पैमाने पर नुकसान हुआ है. सड़कें, मकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान आदि को भी नुकसान पहुंचा है. सुदूर पहाड़ी इलाकों में आवश्यक सामान की आपूर्ति पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है. भूस्खलन के चलते इस सप्ताह कम से कम 68 लोगों की मौत हुई और करीब 15 लोग लापता हो गए। शिमला के समरहिल क्षेत्र में भारी भूस्खलन के बाद लापता हुए 21 लोगों में से 14 के शव बरामद हो चुके हैं। वहीं, कांगड़ा के फतेहपुर और इंदौरा क्षेत्र में बाढ़ में फंसे 308 लोगों को निकाला गया। आज सवेरे एक बार फिर से राहत कार्य शुरू हो गये हैं।

> इस सप्ताह 84 मौतें और 30 लोग लापता, पंजाब में भी गई चार की जान

चंद्रयान-3 बढ़ाएगा देश की शान

अब चांद के आसपास भारत के 3 स्पेसक्राफ्ट हैं एक्टिव, चीन भी छूट गया पीछे

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारत का महत्वाकांक्षी लूनर एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम एक नए मील के पत्थर पर पहुंच गया है, क्योंकि देश के अब तीन अंतरिक्ष यान चंद्रमा की परिक्रमा कर रहे हैं. मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने इस मामले चीन को पीछे छोड़ दिया है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने घोषणा की कि चंद्रयान-3 मिशन का विक्रम लैंडर प्रोपल्शन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग हो गया है और 23 अगस्त, 2023 को उसके चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है. 14 जुलाई, 2023 को लॉन्च किया गया चंद्रयान-3 मिशन, 2019 के चंद्रयान-2 मिशन का फॉलो-अप है.। इसमें एक स्वदेशी प्रोपल्शन मॉड्यूल, विक्रम नामक एक लैंडर और एक रोवर शामिल है, जिसे प्रज्ञान नाम दिया गया है. अपने पूर्ववर्ती चंद्रयान-2 के विपरीत, चंद्रयान-3 में ऑर्बिटर शामिल नहीं है. इसके बजाय, इसका प्रोपल्शन मॉड्यूल एक कम्युनिकेशन रिले सैटेलाइट के रूप में कार्य करता है, जो लैंडर के संदेशों को डिकोड करता है और उन्हें इसरो तक भेजता है. विक्रम लैंडर, जिसका नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम ए साराभाई के नाम पर रखा गया है, को एक चंद्र दिवस तक काम करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो पृथ्वी के लगभग 14 दिनों के बराबर होता है। लैंडर चंद्रमा की कक्षा में अपने स्वयं के कार्यों को तब तक अंजाम देता रहेगा, जब तक वह चंद्रमा की सतह पर नहीं पहुंच जाता और सॉफ्ट लैंडिंग नहीं कर लेता. इन दोनों के अलावा, चंद्रयान-2 ऑर्बिटर, जो अब भी चंद्रमा के चारों ओर परिक्रमा कर रहा है, भारत की चंद्रमा पर उपस्थिति को बढ़ाता है. 2,379 किलोग्राम के कक्षीय द्रव्यमान और सौर किरणों के जरिए 1000 वॉट बिजली पैदा करने में सक्षम यह बॉक्स आकार का यान, भारतीय डीप स्पेस नेटवर्क और लैंडर के साथ संचार करता है. इन तीन अंतरिक्ष यानों के साथ, भारत स्पेस एक्सप्लोरेशन में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है. विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग इसरो के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी, जो चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने में एंड-टू-एंड क्षमता का प्रदर्शन करेगा, जिसे वह 4 साल पहले चंद्रयान -2 के साथ हासिल नहीं कर सका था. हालांकि, भारत चंद्रमा के आसपास अकेला नहीं है. चीन, अमेरिका और कोरिया के भी चंद्रमा के ऊपर मंडराने वाले एक्टिव मिशन हैं. जैसा कि दुनिया देख रही है, भारत का लूनर मिशन नई वैज्ञानिक खोजों और तकनीकी प्रगति को उजागर करने के लिए तैयार है।

दिनदहाड़े पत्रकार की हत्या

अपराधियों ने घर से बाहर बुलाकर मारी गोली; सरपंच मर्डर केस के गवाह थे

अररिया ● एजेंसी
yashbharat.co.in

अररिया के रानीगंज में दिनदहाड़े दैनिक अखबार के पत्रकार विमल यादव (36) की हत्या कर दी गई। अपराधियों ने घर के दरवाजे पर चढ़कर मेन गेट खुलवाया। जैसे ही पत्रकार गेट पर आए वैसे ही सीने में गोली दाग दी। हत्या के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान इधर, सदर अस्पताल में पत्रकार, स्थानीय लोग और परिजनों की भी? लगी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों का कहना है कि सुपौल जेल में बंद रूपेश ने ही हत्या की साजिश रची थी। उसने जेल से ही हत्या की सुपारी दी थी।

भाई की हत्या में मुख्य गवाह थे विमल

परिजनों का कहना है कि 4 साल पहले यानी अप्रैल 2019 में विमल यादव के छोटे भाई गब्बू यादव की हत्या कर दी गई थी। उस वक्त गब्बू यादव बेलसरा पंचायत के सरपंच थे। विमल अपने भाई की हत्याकांड के मुख्य गवाह थे। केस का स्पीडी ट्रायल चल रहा था।

खंडवा में कार और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत

खंडवा ● एजेंसी
yashbharat.co.in

खंडवा जिले में पुनासा के निकट सनावद मार्ग पर दौलतपुरा फाटे के पास रात्रि करीब दो बजे ट्रक और कार के बीच टक्क र हो गई। इसमें पांच युवकों की मौत हो गई। मरने वाले पांचों युवक कसरावद तहसील के रहने वाले हैं। व्यवसायिक कार्य के सिलसिले में गुरुवार को पुनासा आए थे। रात में लौटते समय यह हादसा हो गया। घटना में कार बुरी तरह पिचकने से शवों को निकालने के लिए कड़ी मशक्क त करनी पड़ी।पुनासा चौकी अंतर्गत दौलतपुरा फाटे पर कार मांक एमपी 09 डब्लूजी 0293 सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। कार में पांच युवक सवार थे। इनमें 40 वर्षीय भारत पुत्र चिंताराम निवासी काकरिया थाना कसरावद, 36 वर्षीय अलकेश पुत्र तुलसीराम निवासी दोंगांवा थाना कसरावद, 26 वर्षीय मनीष पुत्र ताराचंद वर्मा निवासी दोंगांवा थाना, 36 वर्षीय पुखराज पुत्र चरणदास नामदेव निवासी दोंगावा और 23 वर्षीय आदित्य पुत्र अमित शर्मा निवासी राम मंदिर चौक कसरावद की मौके पर ही मौत हो गई है।

आयोजन

4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों को सायकिल के लिए सिंगल क्लिक से अंतरित किए 207 करोड़

मप्र में सरकार नहीं परिवार चलाता हूं- मुख्यमंत्री

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश में सरकार नहीं परिवार चलाता हूँ। हमारा सपना था कि प्रदेश के गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को भी देश-दुनिया के बेहतर स्कूलों जैसे स्कूल उपलब्ध हों। इन परिवारों के बच्चों की योग्यता कम नहीं हैं, इन्हें अपने आस-पास ही अच्छी शिक्षा के अवसर मिले और वे अपने सपने साकार कर सकें, इस उद्देश्य से ही राज्य सरकार ने सीएम राइज स्कूल की परिकल्पना की और अब पूरे प्रदेश में इसका क्रियान्वयन जारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू नई शिक्षा नीति के प्रदेश में क्रियान्वयन में कोई कसर नहीं छो?ी जा रही है। स्कूल शिक्षा हो, महाविद्यालयीन स्तर या विदेश में शिक्षा प्राप्त करनी हो या प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना करना हो राज्य सरकार हर कदम पर विद्यार्थियों के साथ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल के भेल (बरखेड़ा) में 81 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीएम राइज़ शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों को साइकिल लेने के लिए उनके खातों में 207 करोड़ रूपए सिंगल क्लिक से अंतरित किये तथा विद्यार्थियों से बातचीत की। कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिलों के विद्यार्थी वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा भूमि-पूजन किए गए भेल बरखेड़ा के सीएम राइज शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण 81 करो? 12 लाख रूपए की लागत से होगा। भवन में कुल 118 क्लासरूम होंगे। इनमें 16 किंडर गार्डन क्लासरूम, 24 प्री-प्रायमरी, 16 प्रायमरी, 24 मिडिल स्कूल, 38 सीनियर स्कूल क्लासरूम शामिल हैं। साथ ही प्रायमरी कक्षाओं के लिए दो लैब, मिडिल स्कूल के लिए साईंस और कम्प्यूटर से संबंधित तीन लैब, सीनियर स्कूल के लिए बायोलॉजी, फिजिक्स, कैमेस्ट्री, वोकेशनल और कम्प्यूटर्स पर केन्द्रित 11 लैब, इस प्रकार कुल 15 लैब्स होंगी। स्कूल में 450 सीटर ऑडिटोरियम, दो लायब्रेरी, डांस और म्यूजिक के लिए 2 कक्ष, 300 सीटर डायनिंग हॉल, केंटीन, इंडोर स्पोर्ट्स जैसे बॉस्केटबॉल व बेडमिंटन के लिए मल्टीपर्पज हॉल, 400 मीटर का 8 लेन एथलीट ट्रेक, फुटबॉल ग्राउण्ड और हॉफ ओलम्पिक साइज स्वीमिंग पूल होगा।

छलका बच्चों के प्रति प्यार

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में पधारे विद्यार्थियों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। कन्या-पूजन के बाद माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी तथा अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विद्यार्थियों के साथ च्च बच्चे मन के सच्चे, सारी जग के आँख के तारे, ये वो नन्हे फूल हैं, जो भगवान को लगते प्यारेज्ज गीत भी गुनगुनाया। उन्होंने कहा कि मैं अपने भांजे-भांजियों के बीच सबसे अधिक प्रसन्न रहता हूँ।

25 तक लद्दाख में रहेंगे राहुल गांधी

पैंगोंग लेक पर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देंगे

लेह ● एजेंसी
yashbharat.co.in



राहुल गांधी का लद्दाख दौरा 25 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। वे 20 अगस्त को पैंगोंग लेक पर अपने पिता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। 20 अगस्तए1944 को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म हुआ था। इस दिन को कांग्रेस सद्भावना दिवस के रूप में मनाती है।इस दौरान राहुल कारगिल मेमोरियल भी जाएंगे और युवाओं से बातचीत करेंगे। वे लेह में एक फुटबॉल मैच भी देखेंगे। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। राहुल गुरुवार को लद्दाख पहुंचे थेए जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद राहुल पहली बार यहां पहुंचे हैं।पहले कहा गया था कि उनका लद्दाख दौरा दो दिन का होगाए जिसे अब बढ़ा दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक वे लद्दाख में बाइक ट्रिप भी करेंगे। कारगिल में अगले महीने हिल काउंसिल के चुनाव होने वाले हैं। कारगिल हिल काउंसिल के चुनाव के लिए कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। राहुल इन चुनावों की तैयारी से जुड़ी मीटिंग में भी शामिल होंगे। केंद्र सरकार ने 14 अगस्त को दिल्ली स्थित नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री म्यूजियम एंड लाइब्रेरी ;च्डडस्द्ध कर दिया। गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा. नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैंए उनका नाम नहीं।

जबलपुर, मण्डला, कटनी, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

» न्यूज गैलरी

सदन की विशेष बैठक 22 को

जबलपुर,यशभारत। मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा-30 के तहत् विशेष सम्मिलन की बैठक 22 अगस्त मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वामी राघव देवाचार्य के परिवार के लिए व्यक्त की संवेदनाएं

जबलपुर,यशभारत। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी की माता जी एवं परिवार में निखिल तिवारी की दादी स्व. तारा देवी तिवारी जी के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि एवं संवेदनाये व्यक्त की हैं। श्री प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यद्यपि संन्यास जीवन में प्रवृत्त होने के नाते आप समस्त सांसारिक सीमाओ और मोह बंधनों से मुक्त हो चुके है, परंतु आपके पूर्वाश्रम में हुई इस क्षति के बारे बारे में जान कर पीड़ा हुई। दु:ख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाए आपके लौकिक और वृहत् धर्म परिवार के साथ है,ईश्वर परिवार और शुभचिंतकों को इस असहनीय कष्ट को सहने का धैर्य और साहस प्रदान करे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी संवेदनाएं फ़ोन पर चर्चा कर एवं पत्र के माध्यम से स्वामी राघव देवाचार्य जी को व्यक्त कीं।

दिनेश ठाकुर सम्मानित

जबलपुर यशभारत। भूपेंद्र सिंह, नगरीय विकास मंत्री द्वारा स्थानीय पुलिस ग्राउंड में अपने अपने क्षेत्रों उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले नागरिकों का सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया इसी कड़ी में जबलपुर डिस्ट्रिक योगासन स्पोर्ट्स एसोशियेशन द्वारा 21जून 2023 विश्वयोग दिवस का मुख्य कार्यक्रम जो भारत सरकार द्वारा संस्कारधानी में आयोजित किया गया जिस कार्यक्रम को समूचे विश्व के लगभग 138 देशों ने लाइव जुड़कर सहभागिता की उक्त कार्यक्रम में जबलपुर डिस्ट्रिक योगासन स्पोर्ट्स एसोशियेशन के द्वारा किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोशियेशन के महासचिव तथा हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व नोडल खेल अधिकारी दिनेश सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया।

चंद घंटों की बारिश में सड़कें फिर बनीं तालाब

बल्देवबाग से उखरी जाने वाली सड़क का हाल बेहाल



रानीताल से गढ़ा जाने वाली सड़क पर भी राहगीरों को करनी पड़ी जद्दोजहद

जबलपुर,यशभारत। करीब 10 दिनों के अंतराल के बाद जबलपुर और आसपास के जिलों में मानसून एक बार फिर से सक्रिय हुआ। गत दिवस से हो रही लगातार बारिश ने एक बार फिर से दमोहनाका, रानीताल, बल्देवबाग और रानीताल से गढ़ा जाने वाले मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को परेशान किया। इसके साथ ही यहां रहने वाले रहवासियों को भी समस्या का सामना करना पड़ा। चंद घंटों की बारिश के बाद बल्देवबाग चौक से उखरी जाने वाली मुख्य सड़क तालाब के रूप में तब्दील हो गई तो वहीं रानीताल से गढ़ा जाने वाली सड़क पर भी पानी भरा रहा।

जिससे राहगीरों को वाहन निकालते समय जद्दोजहद करनी पड़ी। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से शिथिल पड़ा मानसून अब दोबारा शहर में सक्रिय हो गया है। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बनने के कारण आने वाले दिनों में तेज बारिश की आशंका भी मौसम विशेषज्ञों ने जाहिर की है। जैसा मानसून अभी है उससे लग रहा है कि अगले दो-तीन दिनों में पानी की बौछारें भी लगातार जिले में जारी रह सकतीं हैं।

शुक्रवार सुबह से समाचार लिखे जाने तक 25 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हो चुकी थी और बारिश का क्रम जारी है। इस सीजन में अब तक 1025 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जो गत वर्ष के मुकाबले करीब 9 इंच ज्यादा है। गत वर्ष आज के दिन तक 792.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी।

राहगीर और रहवासी कोसते नजर आए...

शहर के निचले हिस्सों में बसे आबादी क्षेत्रों में भी बारिश से फिर से जलप्लावन की समस्या सामने आई जिसके बाद लोग खुद घरों में घुसे पानी को बाहर फेंकते नजर आए। वहीं रानीताल से गढ़ा जाने वाले मार्ग से गुजरने वाले राहगीर और यहां के रहवासी एनसीसी ठेका कंपनी, पीडब्ल्यूडी विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को कोसते नजर आए। लोगों का कहना था कि बिना किसी प्लानिंग के तहत फ्लाई ओवर के नीचे जगह-जगह गड्ढे खोद दिए गए हैं और मिट्टी जमा करके रख दी गई है।

कभी धूप तो कभी बारिश ने बढ़ाई उमस

बीते एक दिन से कभी दिन में धूप तो कभी बारिश से शहर के मौसम में उमस छाई रही और शहरवासियों को गर्मी का अहसास झेलना पड़ा। शुक्रवार सुबह से हो रही बारिश से लिहाजा लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन करीब 1 बजे फिर से मौसम साफ होने से उमस बढ़ने का अहसास शहरवासियों को हुआ।

5 दिन हो गए लेकिन अभी तक नहीं सुधार पाए क्षतिग्रस्त पाइप लाइन

फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के दौरान 5 दिन पहले कर्मियों द्वारा दमोहनाका चौक पर पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई थी लेकिन अभी तक इसका सुधार कार्य नहीं हो सका है । नतीजा है कि तेज बारिश के साथ सड़कों पर पानी भर रहा है। और पेयजल बर्बाद हो रहा है। पहले एनसीसी ठेका कंपनी ने फूटी पाइप लाइन को सुधारने का जिम्मा उठाया जब वे सफल नहीं हुए तो उन्होंनें नगर निगम को ये जिम्मेदारी सौंपी। कार्यपालन यंत्री जल विभाग नगर निगम कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुधार कार्य कराया जा रहा है उम्मीद है जल्द ही इस समस्या से निजात मिल जाएगी।

मराठी ग्रुप सर्वमंगला ने किया आनंद मेले का आयोजन

जबलपुर,यशभारत। मराठी ग्रुप सर्वमंगला के दारा कचनार क्लब में आनंद मेले का आयोजन किया गया, जिसमे देशभक्ति गीतों पर डांस और रैम्प वॉक प्रतिभागियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के और कलात्मक वस्तुओं के स्टॉल भी लगाए गए जिसे सभी ने सराहा।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद् ने मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

जबलपुर,यशभारत। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद् मननमती शाखा रांझी चंदना संभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें भारत माता की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मातृभूमि को माल्यार्पण किया गया और राष्ट्रध्वज फहराकर राष्ट्रगान किया गया। इस मौके पर भाषण गीत कविता एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसके बाद सभी को पुरस्कार वितरित किए गए । कार्यक्रम में सचिव शिल्पी जैन, धार्मिक मंत्री अलका जैन ,स्वास्थ्य मंत्री निधि जैन , शैक्षणिक मंत्री प्रीति जैन,, रीना जैन सुधा जैन ,सपना जैन ,रश्मि जैन, लीना जैन, सोनल जैन, महिमा जैन, राहुल जैन ,सुरभी जैन सहित अन्य की उपस्थिति रही।

कर्मचारियों का सम्मान

जबलपुर, यशभारत। पी. डब्लू. डी. संभाग क्रमांक एक में कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह द्वारा संभागीय कार्यालय के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संभागीय लेखा अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता, अटल उपाध्याय, राजेंद्र त्रिपाठी, श्री मति रीता रानी, सिया झारिया, मुक्ता ठोसर, अखिलेश वर्मा, एस दुबे, गुलाब कोस्टा, मानदाता विश्वकर्मा, कवल सिंह शैयाम, वैभव मसीह, अरुण विश्वकर्मा उपस्थित थे।

सुंदरकांड के स्वरों से गूंज उठा विधायक कार्यालय परिसर

उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक आयोजन ने बांधा समा

जबलपुर,यशभारत। सावन के पावन महीने की एक सुहानी शाम और उस पर ढोलक मंजीरे, खड़ताल के साथ रामचरितमानस के सुंदरकांड की चौपाइयों के सुरमयी प्रस्तुति। यह नजारा किसी मंदिर या धार्मिक स्थल का नहीं बल्कि उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना के राइट टाउन स्थित कार्यालय में देखने मिला। विधायक कार्यालय परिसर में आकर्षक विद्युत साज सज्जा से सजाए गए श्री राम दरबार के सम्मुख अलग अलग और बड़ी मनोरम धुनों पर सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों के स्वर गूंजते रहे और राम रसिक जन इसका भरपूर आनंद उठाते रहे। विधायक विनय सक्सेना की टीम के सदस्यों ने मिलकर इस आयोजन को मानो यादगार बना दिया। विनय सोंधिया के साथ उनकी टीम के कलाकारों ने भक्तिभाव का ऐसा समा बांधा कि मौजूदजन इस आध्यात्मिक सरोवर में श्रद्धाभक्ति और आनंद के गोते लगाते रहे। हरे रामा, हरे रामा, रामा रामा, हरे हरे और सियाराम जय राम जय जय राम के भजनों से कार्यालय के आसपास का क्षेत्र गूंजता रहा। आयोजन में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अलावा आसपास के निवासी भी भक्ति भाव के साथ शामिल हुए और सभी ने धर्मलाभ अर्जित किया। आयोजन में विधायक विनय सक्सेना के परिवार के सदस्यों के अलावा महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विनय प्रीति सक्सेना, मनीषा अवस्थी, शिवकुमार चौबे, कपिल श्रीवास्तव, राजीव तिवारी, दिलीप साहू, प्रहलाद दाहिया, कमल दीक्षित, पंकज निगम, अजय रावत, सिद्धांत जैन गोलू,दीपक छिरोल्या, सौरभ रैकवार, सक्षम ताम्रकार, विनय डेकाटे, रिंकू दीक्षित, अल्केश गुप्ता, जय ठाकुर, आयुष पहारिया, अतुल सोनी, मनोज सोनी, राजू पहारिया, पप्पू कछवाहा, अजय श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी संघ को दिया आश्वासन

जबलपुर,यशभारत। संविदा कर्मचारियों को 100 प्रतिशत एवं विनयमित कर्मचारियों को नियमितिकरण करने के आदेश जारी करने की मांग को लेकर नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री भूपेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा है और मांग की है कि निगम के 438 संविदा कर्मचारियों को 100 प्रतिशत वेतनमान का लाभ प्रदान करने एवं नगर निगम के विनियमित कर्मचारियों को नियमितिकरण का लाभ प्रदान करने के आदेश जारी करवाएं जाएं। संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा ने बताया कि नगरीय मंत्री ने संघ को आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस समस्या का निदान किया जाएगा।

नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ कार्यालय में ध्वजारोहण

जबलपुर,यशभारत। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा के द्वारा संघ के कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ से गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे नरसिंहमालू, जगदीश नन्हेट, राजेन्द्र पटेल, मन्नू पटैल, संतोष गौतम, प्रहलाद बर्मन, रामप्रसाद चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

केंट विधायक खेल महोत्सव का हुआ भव्य आगाज

जबलपुर,यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव पर्व पर खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने एवं आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में केंट विधानसभा में विधायक खेल महोत्सव का आयोजन 18 अगस्त शुक्रवार से शुरू हुआ । जिसमें प्रतिभागियों ने अपने-अपने हुनर को प्रदर्शित किया।

जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में केंट विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में फुटबॉल, कबड्डी, क्रिकेट और कुश्ती के टूनामेंट आयोजित होंगे। दूसरे चरण में पारंपरिक खेलो को बढ़ावा देने हेतु सतोलिया, रस्सा कस्सी, कलाई कुश्ती, साइकिलिंग एवं खो-खो जैसे प्राचीन खेलो का आयोजन किया जाएगा। खेल महोत्सव में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन हेतु विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जाएंगे। विधायक अशोक रोहाणी ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि 18 अगस्त से शुरू होने वाली प्रतियोगिताएं 10 सितंबर तक केंट विधानसभा क्षेत्रों में चलेंगीं जिनमें प्रतिभागी अपने-अपने हुनर को प्रदर्शित करेंगे।

सिविक सेंटर में जल्द बनेगा भारत माता का भव्य मंदिर: महापौर

नगर निगम परिसर में ध्वजारोहण के बाद महापौर ने की 2 बड़ी घोषणाएं

जबलपुर,यशभारत। सिविक सेंटर में भारत माता का भव्य मंदिर बहुत जल्द बनेगा। तिलवारा स्थित गांधी स्मारक परिसर में प्रदेश का सबसे ऊंचा 75 मीटर तिरंगा भी जल्द फहराया जायेगा। ये दो बड़ी घोषणाएं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम परिसर में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान कीं। इस दौरान नगर निगम परिसर में महापौर और निगमायुक्त स्वप्निल वानखेड़े ने राष्ट्रगान के बाद तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में महापौर ने आजादी दिलाने वाले वीरों को नमन किया और कहा कि जनता और नगर निगम के बीच की अहम कड़ी पार्षद है और हम सभी को जनता की सेवा ईमानदारी से करनी होगी। महापौर ने इस अवसर पर सैंकड़ों निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट कर पुरूस्कृत किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाऐं दीं। इस दौरान नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, सभीपार्षदगण, निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

भंवरताल पार्क में भी महापौर ने किया ध्वजा रोहण

वीरांगना रानीदुर्गावती मानव सेवा संस्थान के तत्वाधान में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना के द्वारा भंवरताल पार्क में ध्वजा रोहण किया गया एवं समिति के सदस्यों को पुरूस्कार वितरण कर मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर हीरा मंगलानी, पिंटू सोनकर, सलिल जैन, रवि जैन, विनय सोनी, अमीन खान आदि उपस्थित रहे।

निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

जबलपुर,यशभारत। शहर में सफाई का संदेश देने वार्ड क्रमांक 57 महर्षि महेश योगी वार्ड के फर्स्ट स्टेप प्ले जूनियर स्कूल और महर्षि महेश योगी स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बढ़चढ़कर बच्चों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर अपनी कला का प्रदर्शित करते हुए स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। *स्वच्छता प्रतियोगिता के लिए जिंगल, पोस्टर, शॉर्ट मूवी, स्ट्रीट प्ले गतिविधियों का आयोजन नगर निगम द्वारा शहर के अलग अलग स्कूलों में किया जा रहा है। विदित हो कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराकर नगर की साफ-सफाई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग प्राप्त करते हुए जबलपुर को स्वच्छता के उच्च शिखर का दर्जा प्राप्त करने के लिए नगर निगम द्वारा रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उधर नगर निगम की सहयोगीह संस्था ओम सांई विजन की टीम भ्रमण कर शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रही है।

SOCE SHALBY | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
समस्त हड्डी एवं जोड़ रोगों का बेजोड़ इलाज
95758 01022
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर
अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तैलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
9826035091

स्पर्श वूमेन्स क्लीनिक
SPARSH WOMEN'S CLINIC
डॉ. स्नेहा टी. मेठवानी
M.B.B.S., D.G.O.
Ex-consultant
(Surya Hospital- Mumbai)
वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ
• दर्द रहित प्रसव, हाईरिस्क प्रेगनेन्सी, बांझपन का इलाज, बार-बार गर्भपात होना, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन।
• महिलाओं एवं किशोरियों को टीके लगाने की सुविधा उपलब्ध।
• सभी प्रकार के स्त्रीरोग निदान की सुविधा उपलब्ध।
जबलपुर हॉस्पिटल में भी उपलब्ध।
समय: प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक
M: 9329075441 9552424074
पता- शॉप नं. 13, राइट टाउन स्टेडियम मार्केट, गौमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर

» न्यूज गैलरी

सीधी सांसद की पमरे महाप्रबंधक के साथ बैठक



जबलपुर यशभारत। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय, जबलपुर में गुरुवार सांसद सीधी श्रीमती रीती पाठक द्वारा सीधी क्षेत्र के रेल सुविधाओं में विस्तार एवं रेल से जुड़े अन्य विकास के मुद्दों पर पमरे महाप्रबंधक के साथ सौजन्य बैठक सपन्न हुई। इस बैठक में सांसद सीधी श्रीमती रीती पाठक द्वारा पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता से रेलवे से संबंधित अनेकों मुद्दों पर विशेष चर्चा की। सांसद ने चर्चा के दौरान रीवा-सीधी-सिंगरौली एवं ललितपुर-सिंगरौली न्यू लाइन परिजोनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर कार्य के प्रगति की जानकारी हासिल प्राप्तकर अपने सुझाव साझा किये। इसके आलावा सीधी क्षेत्र के आसपास आने वाले रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों से सबंधित जानकारी, माल लादान, रेल परिवहन एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन सकारात्मक चर्चा की इसके अतिरिक्त यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेष मंत्रणा की। इस दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एवं सचिव महाप्रबंधक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता कल

जबलपुर, यशभारत। बुंदेली दिवस समारोह की श्रंखला में 19 अगस्त को दोपहर 2 बजे से हितकारिणी उ.मा. शाला गोरखपुर एवम दमोहनाका स्थित हितकारिणी गोविंदगंज शालाओं में श्रीमती किरण देवी अग्रवाल स्मृति बाल चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई है। यह 4 आयु वर्गो क्रमशः के जी, प्रायमरी, मिडिल एवम हाई-हायर सेकंडरी स्तर पर होगी। सभी प्रतियोगियों को सहभागिता प्रमाण पत्र स्थल पर ही प्रदान किए जाएंगे। विजेताओं का पुरस्कार वितरण 1 सितंबर को संध्या 6.30 बजे से शहीद स्मारक भवन में आयोजित बुंदेली दिवस समारोह में होगा।

वृंदोत्सव कल

जबलपुर, यशभारत। त्रिलोक संस्था द्वारा महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सहयोग सेदिनांक 19 अगस्त 2023 को सायं 6.30 बजे से स्थानीय शहीद स्मारक प्रेक्षाग्रह में शास्त्रीय संगीत पर आधारित कार्यक्रम ''वृंदोत्सव 2023'' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चैती, दादरा, होरी और कजरी की संगीतमय प्रस्तुति वृंद में की जावेगी। संस्था की डॉ. शिप्रा सुल्लेरे, मुस्कान सोनी, मानसी सोनी, उन्नति तिवारी, अदिति पटेल आदि ने शहर के संगीत प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

165 वरिष्ठ बुजुर्ग आज काशी तीर्थ यात्रा पर स्पेशल ट्रेन से रवाना होंगे

जबलपुर, यशभारत। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जबलपुर से काशी (वाराणसी) की तीर्थ यात्रा पर जाने वाले परिष्ठ नागरिकों के लिये विशेष ट्रेन शुक्रवार 18 अगस्त की शाम मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर से शाम 7.55 पर रवाना होगी।

सदन की विशेष बैठक 22 अगस्त को

जबलपुर। मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा-30 के तहत् विशेष सम्मिलन की बैठक दिनांक 22 अगस्त 2023 दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

चरित्र संदेह को लेकर दिया वारदात को अंजाम

पत्नी को उतारा मौत के घाट

जबलपुर यश भारत। जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरी नया मोहल्ला में आज सुबह पति ने पत्नी पर सोते समय कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया उक्त घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीणों में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही वह मौके पर पहुंची और प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए आरोपी पति की सरगर्मी से तलाश करने में लगी हुई है।

इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि खैरी नया मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय रेखा चौधरी का पति कमलेश चौधरी पत्नी पर चरित्र संदेह करता था आज सुबह जब रेखा चौधरी अपने कमरे में सो रही थी इसी दौरान कमलेश चौधरी कुल्हाड़ी लेकर उसके कमरे में पहुंचा और उसके ऊपर दनादन वार कर मौके से फरार हो गया सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा महिला को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

बच्चियों के सामने दिया घटना को अंजाम

आरोपी कमलेश चौधरी ने उस समय पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर वारदात को अंजाम दिया जब उसकी दो बच्चियां घर पर थी और उसका बेटा मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गया हुआ था पुलिस द्वारा फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक आरोपी द्वारा 15 दिन पूर्व ही पत्नी से चरित्र संदेह को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी।

समाज को एकता के सूत्र में पिरोना ही उद्देश्य

31 अगस्त को समसता सेवा संगठन आयोजित करेगा कजलियां महोत्सव

जबलपुर, यशभारत। समाज को एकता के सूत्र में पिरोना ही समरसता सेवा संगठन का लक्ष्य है। इसी कड़ी में समसरता का प्रतीक पर्व कजलियाँ 31 अगस्त को बंगाली क्लब, करमचंद चौक प्रांगण में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक मनाया जाएगा। उक्त जानकारी सिविक सेंटर में आयोजित प्रेसवर्ता में संस्था अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव प्रकाश साहा व उज्ज्वल पचौरी, महाकौशल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता, मंत्री शंकर नाग्देव, बंगाली क्लब के अध्यक्ष सुब्रत पॉल, सचिव प्रकाश साहा ने दी।

सभी ने कहा कि समरस एवं समर्थ भारत के लिए सामाजिक समरसता के परिपेक्ष्य में सब सबको जाने-सब सबको माने के उद्देश्य को लेकर समरसता सेवा संगठन का गठन किया गया था। संस्था के गठन के उपरांत इसकी कार्य योजना प्रारंभ 13 अप्रैल 2023 को परम् पूज्य तुलसीपीठाधीश्वर जगत् गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी की पावन उपस्थिति में उनके करकमलों से हुआ था। ''समरसता कजलियां महोत्सव'' के नाम से आयोजित होने वाला यह महोत्सव 31 अगस्त 2023 दिन गुरूवार को बंगाली क्लब करमचंद चैक के प्रांगण में दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होकर सांयकाल 5 बजे तक चलेगा। संस्कारधानी में पहली बार इस स्तर पर मनाये जा रहे कजलियां महापर्व में सभी वर्ग समाज की सहभागिता होगी।

महोत्सव को व्यापक स्वरूप प्रदान करने 12 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए ''कजलियों से समरसता'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई है। साथ ही महिलाओं के लिए पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अधिकतम 300 शब्दों में अपने घर से ही निबंध लिखकर लायेगें और कार्यक्रम स्थल पर जमा कर सकेंगें। इसी प्रकार पूजा की थाली भी महिलायें घर से सजाकर कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित कर जमा करेगी। उपरोक्त दोनों प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 10-10 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को 1100-1100 रूपये प्रत्येक को पुरस्कार राशि और शेष प्रतिभागियों को उपहार संस्था के द्वारा आगामी कार्यक्रम बलराम जयंती पर प्रदान की जायेगी।

जीआरपी आदर्श थाना घोषित, रेल आईजी ने किया निरीक्षण. दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जबलपुर यशभारत। जबलपुर जीआरपी थाना को आदर्श थाना घोषित होने के बाद रेल आईजी महेंद्र सिंह सिकरवार द्वारा आज जबलपुर जीआरपी थाने का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए आदर्श थाना होने पर क्या-क्या व्यवस्थाएं होनी चाहिए इस संबंध में अधीनस्थ कर्मियों को दिशा निर्देश दिए गए इस मौके पर भोपाल एसआरपी हितेश चौधरी जबलपुर एसआरपी सिमाला प्रसाद डीएसपी लोकेश मार्को सारिका पांडे एवं थाना प्रभारी शशि धुर्वे मदन महल चौकी प्रभारी राजेश राज सहित अन्य जीआरपी स्टॉप मौजूद रहा आदर्श थाना घोषित होने के बाद जीआरपी भवन बेहतर करने के साथ ही पर्याप्त बल, कम से कम समय में शिकायत दर्ज करने के साथ फरियादियों से फीडबैक लिया जाएगा इसके साथ ही अपराधियों और अपराध की प्रवृति को पहचानना होगा। वहीं, अभियोजन इकाई के माध्यम से प्रकरण को मजबूत बनाया जाएगा, जिससे आरोपित पर दोष सिद्ध हो सके इसके अलावा यहां पर शिकायत लेकर आने वालों के लिए अच्छी बैठक व्यवस्था, स्वीकृत बल के अनुसार पुलिस बल की पदस्थापना, हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। थानों में पदस्थ बल को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिससे जनता को परेशानी न हो और उनकी फरियाद तत्काल सुनी जाएगी। एफआइआर भी तुरंत कायम की जाएगी।

हाईटेक स्टडी टॉयज बेचने के नाम पर ठगी का धंधा जोरों पर

स्टेट साइबर सेल ने एडवाजरी जारी कर लोगों को किया सतर्क

जबलपुर यश भारत। साइबर ठगों ने सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर हाईटेक स्टडी टॉयज बेचने के नाम पर ठगी का धंधा फैला रखा है। लुभावने विज्ञापन दिखाकर ठग लोगों से टॉयज बुक करने के एवज में एडवांस में रकम मांगते हैं। बाद में उस व्यक्ति का नम्बर ब्लॉक कर देते हैं। हाल में ऐसे मामले सामने आए हैं। स्टेट साइबर सेल ने एडवाजरी जारी कर लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है।

स्टेट साइबर सेल के एसपी लोकेश सिन्हा ने बताया कि सभी प्रकार की सोशल नेटवर्किंग साइट्स में स्टडी टॉयज का विज्ञापन प्रसारित किया जा रहा है। जिसमें बच्चों की राइटिंग स्किल, स्टडी स्किल, पढ़ने की क्षमता और माइड ग्रोइंग करने वाले टॉयज दिखाए जाते हैं। इसी विज्ञापन की आड़ में साइबर ठगों ने अपना धंधा फैलाया है। वे स्टडी टॉयज को कम कीमत में देने का झांसा देकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। ऑनलाइन सामान बेचने वाली कम्पनियां कैश ऑन डिलेवरी का ऑप्शन देती है। लेकिन साइबर ठगों द्वारा जो साइट बनाई गई है, उसमें कैश ऑन डिलेवरी का ऑप्शन ही नहीं होता।

जैसे ही कोई मोबाइल यूजर टॉयज के विज्ञापन पर क्लिक करता है, तो साइट ओपन हो जाती है। जिसमें और भी तरह के टॉयज का विज्ञापन होता है। इसके बाद जैसे ही कोई व्यक्ति उसे खरीदने के लिए क्लिक करता है, तो उसकी पूरी जानकारियां मांगी जाती है। नाम पते के साथ मोबाइल नम्बर व अन्य भरते ही डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिए पेमेन्ट का ऑप्शन आता है।

बच्चों के गलत क्लिक से न बन जाए साइबर ठगी का शिकार

ऑनलाइन पढ़ाई करते हुए बच्चों से हो रहे गलत क्लिक से साइबर ठगों को आसानी से जानकारी मिल रही है।किसी भी साइबर ठगी से बचने के लिए बच्चों को पढ़ाई के लिए फोन देने से पहले अपने मोबाइल पर पेमेंट वाले व जरूरी ऐप्स को लॉक कर देना चाहिए या फिर ऐपलॉक जैसे सॉफ्टवेयर से उन्हें लॉक पर रखें।एक 36 वर्षीय महिला ने बताया कि बीते दिनों उनका आठ वर्षीय बेटा फोन से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहा था। मां घर के काम में व्यस्त थी। शाम को फोन पर 30 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। बैंक जा कर पता किया तो पता चला कि ऑनलाइन शॉपिंग के एक लिंक में क्लिक होने से खाते से रुपये उड़ गए। फोन में पेमेंट और शॉपिंग के कई ऐप्स हैं।

विक्टोरिया में युवक की मौत परिजनों ने कहा ,नहीं आ पाएंगे कर दो अंतिम संस्कार

जबलपुर, यशभारत। विक्टोरिया अस्पताल में उत्तरप्रदेश निवासी एक युवक की मौत हो गई, युवक अपनी बहन के घर घूमने आया था जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी जिसे विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी जब उसके परिजनों को दी गई तो उनका कहना था कि कोई भी नहीं आ पाएगा अंतिम संस्कार कर दिया जाए। इसके बाद गरीब नवाज कमेटी ने तिलवारा मुक्तिधाम में युवक का अंतिम संस्कार कराया। गरीब नवाज कमेटी के इनायत अली ने बताया कि आगा चौक निवासी पूनम गुप्ता ने सूचना दी कि उसके बुआ का लड़का सुरजीत गुप्ता घूमने आया था जिसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। विक्टोरिया में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। महिला के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह अपने भाई का अंतिम संस्कार करा सके इसलिए गरीब नवाज कमेटी की मदद से मृतक का अंतिम संस्का र कराया गय

गरीब नवाज कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

कलेक्टर ने दस आदतन अपराधियों को जिले से बाहर किया

जबलपुर, यशभारत। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के अलग-अलग प्रकरणों में आदेश पारित कर दस आदतन अपराधियों का जिला बदर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई इस कार्यवाही में जिले से निष्कासित किये गये अपराधियों को 48 घंटे के भीतर जबलपुर सहित सीमावर्ती जिलों मण्डला, डिण्डौरी, नरसिंहपुर, सिवनी, कटनी, दमोह एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने के आदेश भी दिये गये हैं। जिन दस अपराधियों का जिला बदर किया गया है, उनमें नया नगर थाना चरगवां निवासी 37 वर्षीय राकेश सिंह लोधी को एक वर्ष की कालावधि के लिये जिले से निष्कासित किया है। इसी प्रकार ग्राम रैंगवां थाना माढ़ोताल निवासी 26 वर्षीय शुभम उर्फ रंगा पटेल को छह माह, ग्राम बरखेड़ा थाना चरगवां निवासी 39 वर्षीय सिल्लू उर्फ सुशील झारिया को एक वर्ष, ग्राम नटवारा थाना शाहपुरा निवासी 28 वर्षीय प्रवीण सिंह लोधी को एक वर्ष, पसियाना झिरिया अजीजगंज थाना हनुमान ताल निवासी 23 वर्षीय शाबिर अंसारी को को एक वर्ष के लिए जिले से निष्काषित किया गया है।

लंबे संघर्ष के बाद प्वाइंट्समैनों मिलने जा रही सौगात

जबलपुर यशभारत। प्वाइंट्समैन कर्मचारियों की पदौन्नति का रास्ता साफ हो गया है, लम्बे समय से उपेक्षित प्वाइंट्समैन कर्मचारियों को एन एफ आई आर व वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के लम्बे संघर्ष के बाद इन कर्मचारियों को सौगात मिलने जा रही है। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा व संघ प्रवक्ता संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि एनएफआईआर के महामंत्री डॉ एम. राघवैय्या ने विगत दिनों रेलवे बोर्ड के सचिव के साथ हुई बैठक में प्वाइंट्समैन कर्मचारियों के अपग्रेडेशन का प्रतिशत के निर्धारण की सहमति मिली / ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व भारतीय रेल में प्वाइंट्समैन कैटेगरी को केवल 1800 रुपए व 1900 रुपए का ग्रेड पें ही दिया जा रहा था लेकिल अब एफ आई आर व वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की एक लम्बी लड़ाई जो कि महाप्रबंधक से लेकर रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय तक लड़ी गई का परिणाम कुछ ही दिनो में सामने आने वाला है तथा भारतीय रेल के हजारो प्वाइंटसमैन के साथ-साथ वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडल के हजारो प्वाइंट्समैन कैटेगरी के कर्मचारियों को ग्रेड पे 2400 व 2800 रुपए का लाभ मिलेगा।उक्त आशय के निर्णय के आदेश अतिशीघ्र रेलवे बोर्ड से जारी किए जाएगें।

एनएफआईआर व डब्लू सीआरएमएस ने बुलंद की आवाज थी आवाज

इन्होंने किया हर्ष व्यक्त

संघ के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला, मंडल सचिव डीपी अग्रवाल, सहायक महामंत्री अवधेश तिवारी, दीना यादव, आरए सिंह, दीपक केसरी, एसआर बाउरी, रोशन यादव, हर्ष वर्मा, संजय चौधरी, तरूण बत्रा, मंदीप सिंह, अनिल चौबे, धर्मेन्द्र चौधरी आदि ने उक्त सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संघ हमेशा रेलकर्मियों की आवाज बुलन्द करता रहेगा।

जागृति बालगृह में धूम धाम से गया मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस

जबलपुर यशभारत। पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन जबलपुर द्वारा संचालित जागृति बालगृह में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश म.प्र. हाईकोर्ट की धर्मपत्नी श्रीमती स्वरूपा मलिमठ के मुख्य आतिथ्य एवं पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा डॉ. श्रीमती संध्या गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस समारोह में पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती वंदना सक्सेना, सचिव श्रीमती अमृता शर्मा, कोषाध्यक्षा श्रीमती सुवर्णा सहित अन्य सदस्याएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जागृति बालगृह के बालकों द्वारा एकल नृत्य, देशभक्ति गीत, अहीर लोकनृत्य, एवं चंद्रयान मिशन थीम आदि पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ जागृति बालगृह के बालकों द्वारा शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया।

श्रीमती स्वरूपा मलिमठ द्वारा संस्था के बालक द्वारा सफलता प्राप्त कर कम्प्युटर साइन्स, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर में प्रवेश प्राप्त करने की उपलब्धि पर उनके साथ-साथ अन्य सभी बच्चों को शुभकामनायें दी गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों को राष्ट्र का भविष्य बतलाया और आशा व्यक्त की वे आगे चलकर समाज कि मुख्यधारा से जुड़कर अपना भविष्य उज्जवल करेंगे इसके लिए उन्होंने सभी को शुभकामनायें एवं धन्यवाद दिया।

अनदेखी

1 वर्ष से राशि के लिए टकटकी लगाए बैठी ही उड़नदस्ता की टीम

जबलपुर रेल मंडल का राजस्व से खजाना भरा. प्रोत्साहन राशि के लिए मुंह फेर लिया

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर रेल मंडल को सर्वाधिक राजस्व देने वाली उड़नदस्ता टीम को प्रोत्साहित स्वरूप राशि देने के लिए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौखिक तौर पर आदेश दिया गया था जिसके बाद रेलवे की उड़नदस्ता टीम द्वारा दिन रात कड़ी मेहनत करने के बाद उड़न दस्ता की टीम द्वारा वर्ष 2021 मार्च से अप्रैल 2022 में करोड़ों रुपए उड़न दस्ता टीम द्वारा वसूल कर जबलपुर रेल मंडल को दिया गया किंतु उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत के बावजूद भी अभी तक प्रोत्साहित राशि प्राप्त है रेलवे की उड़नदस्ता टीम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के उस मौखिक आदेश पर टकटकी लगाए बैठी है की कब उनको यह राशि प्राप्त होगी।

जबलपुर जं.
पश्चिम मध्य रेल

अन्य रेल मंडलों की तर्ज पर लिया था एक्शन

इस संबंध में रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर रेल मंडल में पदस्थ अधिकारियों द्वारा रेलवे को अधिक राजस्व अर्जित करने के लिए अन्य मंडलों से प्रेरणा ली थी इसके बाद इसको जबलपुर रेल मंडल मैं अमल पर लाया गया था जानकारी के मुताबिक उड़नदस्ता टीम के करीब 32 टिकट निरीक्षक इस कार्य को करने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करने में लग गए थे अंततः उक्त टिकट चेकिंग अभियान उड़नदस्ता टीम को कुछ भी हाथ नहीं लगा जिससे उनके चेहरों पर मायूसी झलक रही है।

इस संबंध में कुछ टिकट निरीक्षकों ने अपना नाम प्रकाशित न करने पर बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा डेढ़ साल बीत जाने के बावजूद भी अभी तक प्रोत्साहित राशि नहीं दी गई है उन्होंने बताया कि अधिकारियों द्वारा मौखिक तौर पर यह आदेश दिया था यदि आप एक करोड़ रुपए वसूल कर देंगे तो आपके सम्मान को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के बाद उड़नदस्ता टीम के निरीक्षकों द्वारा जिन्होंने एक करोड़ से कम का राजस्व बनाया था उन्होंने फिर अपनी कमर कसी और इस आंकड़े को छू लिया लेकिन रेलवे ने उड़नदस्ता टीम के माध्यम से रेलवे का खजाना तो भर लिया किंतु मेहनत करने वाले टिकट निरीक्षकों को प्रोत्साहित राशि के रूप में धैला भी नहीं मिला वरिष्ठ अधिकारियों की इस कार्य प्रणाली से काफी असंतुष्ट हैं चूंकि उड़न दस्ता टीम इस आवाज को वरिष्ठ अधिकारियों के सामने इसलिए बुलंद नहीं करती है कि वह अधिकारियों के कोप का भाजन बन सकते हैं इसलिए वह अपनी जुबान को बंद किए हुए हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद पनागर, जिला- जबलपुर, मप्र

E-mail ID- cmopanagar@mpurban.gov.in (Tel..0761.2350029)

क्रमांक/ 2648/न.पा./2023-24 पनागर दिनांक 17/08/2023

//सूचना//

विषय: श्री धनराज बाल्मीक पिता श्री ताराचंद वाल्मीक स्थाई कर्मी द्वारा कर्तव्य पर लगातार अनुपस्थिति के संबंध में।

श्री धनराज बाल्मीक पिता श्री ताराचंद बाल्मीक पद स्थाई कर्मी दिनांक 01/05/2023 से वर्तमान तक बगैर सूचना के अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित है, निकाय द्वारा पत्र क्रमांक/ 1995/2023-24 दिनांक 16/06/2023 पत्र क्र. /2396/न.पा./2023 24 पनागर दिनांक 25/02/2023 के द्वारा कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया है।

इस सूचना के माध्यम से अंतिम बार आपको सूचित किया जाता है, कि सूचना जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर कर्तव्य पर उपस्थित हो उपस्थित न होने की दशा में सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी समस्त जवाबदारी आपकी होगी।

दिनांक 17/08/2023

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् पनागर

SHRI RAM GROUP
JABALPUR (MP)
www.srigroup.net
"Our Placements Speak Our Glory"
PLACEMENT ABROAD
DUBAI
Any Graduate with good communication skills
Age not more than 25 Years
Job Profile : Banking Field Sales Officer
Salary : 70,000 to 1,10,000 INR Per Month
1st Round on 21-22 Aug. 2023
Bring Orignal Documents for Verification.
Venue : SRIT, Jabalpur
Kindly Scan the QR CODE for Registration
Near Madhotal, Jabalpur (M.P.) | Mob. 9589410544, 9827208109

न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.)

रा.प्र.क्र./340/अ-6/2023-24
जबलपुर, दिनांक 4.8.23

// आम इश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण श्रीमति शांतिलता राव पति स्व. भास्कर राव एवं श्री नीरज राव पिता स्व. भास्कर राव, दोनों निवासी 930/320, विवेकानंद वार्ड. जिला जबलपुर म.प्र. के द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् मौजा लक्ष्मीपुर के खसरा नं. 527/18. रकवा 0.0110 है. भूमि पर दर्ज लिंक विक्रेता सुखदेव प्रसाद वल्द रामप्रसाद के नाम दर्ज रकवे से कम करते हुये, अंश रकवा 616 वर्गफुट भूमि पर फौत केता श्री सी. भास्करराव पिता स्व. श्री सी.एन. राव के विधिक वारसान/आवेदकगण श्रीमति शांतिलता राव पति स्व. भास्कर राव एवं श्री नीरज राव पिता स्व. मास्कर राव उक्त्त केता श्री सी. भास्करराव पिता स्व. श्री सी.एन. राव का निधन दिनांक 27/08/2019 को फौत हो जाने उपरांत उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेष है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत

पेशी दिनांक 23.8.23. तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 04.8.
पेशी दिनांक - 2.38 2023

तहसीलदार अधारताल
(अधारताल, जबलपुर)

संपादकीय

हिमाचल पर कुदरत की मार

हिमाचल प्रदेश में तो कुदरत का कहर इस कदर बरपा है कि पर्यटन के लिए मशहूर इस राज्य की तस्वीर बदल गई है. अनेक जगह भूस्खलन से दर्जनों मकान तबाह हो गए. उफनाई नदियों ने घरों-कार्यालयों के साथ ही सड़कों और अन्य प्रतिष्ठानों को भी तबाह कर दिया. यहां तक कि विश्व धरोहर की सूची में शामिल कालका-शिमला रेल लाइन भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। प्रकृति के रौद्र रूप के आगे बेबस लोगों का जीना मुहाल हो गया है. अब मकानों में दरारें पड़ने लगी हैं, जिससे लोग दहशत में आ गए हैं.। अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। कई लापता हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में हिमाचल अपने वजूद में मौत की गिनती कर रहा है। ममलीग, शिमला व अनेक सड़कों पर धंसाव का सिलसिला करीब चालीस लोगों व अनगिनत वाहनों को निगल चुका है। मकान गिर रहे हैं, मंदिर ध्वस्त हो रहे हैं, पुल और पुलियों की शामत आई है तथा सड़कों के नामोनिशान मिट रहे हैं।प्रकृति से हमें जो कुछ मिला है, उसका सही तरह से अगर इस्तेमाल न किया जाए तो इसका नतीजा विनाश ही होता है। हिमाचल के धंसते पहाड़ों के कठघरे में हम, हमारे योजनाकार और सरकारों की प्राथमिकताओं के कारण अफरातरफरी का माहौल जिम्मेदार है। आश्चर्य और आपदा दोनों ही अप्रत्याशित मान भी लें, लेकिन ये नजारे विकास के नासूर को इंगित कर रहे हैं। धर्मपुर बस स्टैंड के डूबने का अर्थ यह नहीं कि बारिश ने बाढ़ का रुख मोड़ दिया, बल्कि यह है कि विकास ने बहते पानी के रास्ते में टांग अड़ाई है। कम से कम यह तो साबित हो रहा है कि विकास की आचार संहिता और गवर्निंग सिद्धांत चाहिए। क्या टीसीपी कानून की वजह व उपयोगिता को समझ कर पूरे प्रदेश में विकास का मॉडल बनाना जरूरी नहीं। हम अवैध या निर्माण की अफरातफरी में ध्वस्त हो रहे हैं। यह चाहे फोरलेन प्रोजेक्ट हों, निजी निर्माण शैली हो या सियासी प्राथमिकताओं के तहत विकास हो, वर्तमान त्रासदी के हर जिक्र में इनकी बर्बादी में कहीं तो हम सभी ने हिमाचल को मुजरिम बना दिया। एक भयावह स्थिति के बीच पहली बार हिमाचल सहम गया है। विनाश की चीखों का मंजर कमोबेश हर जगह मौजूद है। कारण ढूंढने चलेंगे तो हजारों बहाने मिल जाएंगे या भाग्य को कोसकर हम हर कफन को बर्दाशत कर लेंगे, लेकिन सत्य यह है कि कहीं हमसे ही गुनाह हो गया। ऐसे में राहत और बचाव कार्यों में अब ऐसी परीक्षा है, जहां कम से कम सियासत नहीं होनी चाहिए। सवाल यह नहीं कि केंद्र ने कितनी राहत दी, बल्कि यह है कि आपदा से निपटने के लिए देश पर्वतीय हिमाचल के साथ किस हद तक खड़ा है। कम से कम पिछले डेढ़ दो महीने की बारिश ने एक तरह से हिमाचल पर धावा बोला है और यह स्थिति असामान्य और अप्रत्याशित है। इससे पहले पानी की ऐसी विकरालता कभी नहीं देखी गई, इसलिए सारी निगाहें केंद्र पर हैं। इस नुकसान की भरपाई की कोई तयशुद्धा औसत नहीं और न ही कुछ सिक्के उछाल कर केंद्र मरहम लगाने का देवता हो जाएगा। यह चुनौती पहाड़ के अस्तित्व को मिली है। यह उस पहाड़ की चुनौती है जो अपने संतुलन और श्रम से देश की प्रकृति और प्रवृत्ति को आसरा देता आया है। जो पानी पहाड़ को सता रहा है, उसी की जरूरत देश को है और रहेगी। बहरहाल हिमाचल को देखने, संवरने और भविष्य को परखने का नजरिया बदलना पड़ेगा। अब राहत और बचाव को हम सिर्फ संयोग से नहीं ले सकते, बल्कि यह राष्ट्रीय हिफाजत और न्याय का प्रश्न है।

लाड़ली लक्ष्मी से लेकर लाड़ली बहना तक स्त्री मुस्कराई

मध्यप्रदेश से शुरू हुई लाड़ली लक्ष्मी योजना का कमाल अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। लिंगानुपात के परिप्रेक्ष्य में स्त्री का जो अनुपात घट रहा था, उसमें जनसांख्यिकीय बदलाव देखने में आया है। पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक गिनने में आई है। साथ ही लिंगानुपात 1020 के मुकाबले 1000 रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के निष्कर्षों से मिली है। स्त्रियों की संख्या 1000 के पार हो रही हैं तो इसका अर्थ है कि भारत आर्थिक प्रगति के साथ-साथ लिंगानुपात में भी विकसित देशों के समूह के बराबर आ रहा है। इसके लिए महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मध्य-प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं रही हैं, जो शैक्षिक व वित्तीय समावेशन, लैंगिक पूर्वाग्रह तथा असमानताओं से लड़ने में सार्थक रही हैं। इन योजनाओं की सफलता के बाद, इन्हें केंद्र सरकार द्वारा देशभर में लागू किया गया, इसी का परिणाम है कि आज घर-आंगन और देश-प्रदेश में लड़की उनमुक्त भाव से खिलखिला रही है। भविष्य में लाड़ली बहना योजना भी नारी सशक्तीकरण के सार्थक परिणाम देने वाली है।

मध्य-प्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल में पुत्र जन्म की मनौती के लिए एक लोकोक्ति प्रचलन में है-'लाली तू जा, लाला को ले आ।' मसलन बेटी के जन्म पर प्रार्थना की जाती है कि 'बेटी तू तो जा अर्थात मौत को गले लगा ले और पुत्र के रूप में पुनर्जन्म ले। इस बीज मंत्र का जाप करते हुए नवजात बेटी की जीवन-लीला खत्म कर देने के उपाय रच दिए जाते थे, लेकिन अब इस पूरे अंचल में लड़कियां मुस्कुरा रही हैं। मध्य-प्रदेश शासन की 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' के अस्तित्व में आने के बाद बेटी को आर्थिक सुरक्षा का जो आधार मिला है, उससे कुरीति का रूप ले चुकी मान्यता आमूलचूल बदलाव की स्थिति में है। इन योजनाओं के अमल में आने से भ्रूण हत्या पर अंकुश लगा है। जबकि प्रदेश के 15 जिलों में वर्ष 2001 की जनगणना के मुताबिक लिंगानुपात बद्तर हाल में था। प्रति एक हजार बालकों की तुलना में बालिकाओं की संख्या मुरैना में 822, भिण्ड में 829, ग्वालियर में 848, दतिया में 857, शिवपुरी में 858, छतरपुर में 869, विदिशा में 875, सागर में 884, गुना में 885, टीकमगढ़ में 886, भोपाल में 895, होशंगाबाद में 896, पन्ना में 901, जबलपुर में 908 और श्योपुर में 909 है। मध्य-प्रदेश में वर्ष 1901 में यह अनुपात 990 था, जो वर्ष 1951 तक आते-आते 967 रह गया था। मसलन प्रति एक हजार पुरूशों पर 33 महिलाएं कम थीं, किंतु वर्श 2001 की जनगणना में यह घटकर 929 रह गया। अब सब जगह यह अनुपात बढ़कर 930-31 के आस-पास हैं। यह वृद्धि अप्रत्याशित कही जा सकती है। पंजाब जिसे तुलनात्मक नजरिए से आर्थिक रूप से समृद्ध और शिक्षित होने के कारण देश का आदर्श राज्य माना जाता है, वहां लिंगानुपात बेहद चिंताजनक था, यहां के फतेहगढ़ साहब जिले में एक हजार बालकों पर मात्र 754 बालिकाएं रह गई थीं। यह देश का ऐसा जिला था, जहां सबसे ज्यादा लिंगानुपात गड़बड़ाया हुआ था, किंतु अब यह अनुपात 900 के करीब पहुंच गया है। देश के दस जिले ऐसे हैं, जहां लिंगानुपात जबरदस्त चिंताजनक स्थिति में है, उनमें सात पंजाब में स्थित हैं। इसके बाद दिल्ली, हरियाणा और गुजरात हैं। भ्रूण लिंग के विरुद्ध प्री नेटल डायग्नोस्टिक टेक्नीक्स (पीएनडीटी) 1994 कानून क्रियाषील होने के बावजूद भ्रूण लिंग परीक्षण पर अंकुश नहीं लग पाया था। बल्कि विडंबना यह रही कि आज तक इस कानून के तहत एक भी चिकित्सक के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अंजाम तक नहीं पहुंच पाई है। कोख में ही स्त्री भ्रूण को नष्ट करने में ग्रामीण अशिक्षित वर्ग की तुलना में शहरी उच्च शिक्षित वर्ग बड़ी संख्या में संलग्न है। अब तो भ्रूण लिंग परीक्षण के सिलसिले में अल्ट्रा सोनोग्राफी से भी आगे की तकनीक विकसीत हो गई है। इस तकनीक का धंधा तो अजन्मी बेटियों की कीमत पर ही फल-फूल रहा है। अमेरिकी मूल की यह कंपनी अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से मात्र पांच हफ्ते के गर्भस्थ भ्रूण के लिंग की पहचान करने का विज्ञापन बेवसाइट पर बेखौफकर रही है। इस कुप्रथा का संबंध शैक्षिक जागरूकता से भी नहीं है। क्योंकि शिक्षा से सामाजिक संपर्क और संपन्नता तो बढ़ी परंतु समता के मूल्य कायम नहीं हो पाए। इसके बाद अवतरित हुए नए उपभोक्तावादी समाज में बेटों की चाहत और बढ़ गई। पंजाब जैसे आधुनिक राज्य में यह चाहत तब और बढ़ गई, जब वहां गैर प्रवासी भारतीय (एनआरआई) पत्नियां भी पतियों द्वारा ठुकरा दी गई। बताते हैं कि पूरे देश में एक लाख एनआरआई पत्नियां ऐसी हैं, जिनके पति उन्हें और नवजात शिशुओं को छोड़कर लापता हो गए। इनमें से आधी पंजाब की है। पंजाब में ऐसे हालातों के चलते भी कन्या भ्रूण हत्या को बढ़ावा मिला हुआ था। बालिकाओं की संख्या कम होना किसी भी विकाससील समाज के लिए बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से तभी निपटा जा सकता है, जब स्त्री की आर्थिक हैसियत तय हो और समाज में समानता की स्थितियां निर्मित हों ? इस नजरिए से मध्यप्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' एक कारगर औजार साबित हुई और इसीलिए इसे देष के मॉडल के रूप में मान्यता मिली। दिल्ली, हरियाणा और पंजाब ने ही नहीं पूरे देष ने इस योजना का अनुकरण किया और बेटी बचाने के लिए जुट गए। क्योंकि बेटी बचेगी, तभी बेटे बचेंगे और सृश्टि की निरंतरता बनी रहेगी। जैविक तंत्र से जुड़े इस सिद्धांत को हमारे ऋषि-मुनियों ने भली-भांति आज से हजारों साल पहले समझ लिया था, इसीलिए भगवान शिव-पार्वती के रूप में अर्धनारीश्वर के प्रतीक स्वरूप मंदिरों में मूर्तियां गढ़ी गई, जिससे पुरुष संदेश लेता रहे कि नारी से ही पुरुष का अस्तित्व अक्षुण है।

-प्रमोद भार्गव (ये लेखक के अपने विचार हैं)

लालकिले से प्रधानमंत्री की मन की बात

लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बार का उद्बोधन काफी अलग था, बल्कि यूँ कहें कि नए मिजाज और नए रिवाज साथ के साथ मन की बात तो गलत नहीं होगा। हर बार से अलग 'परिवारजनों' शब्द बोलकर शुरुआत कर इतना संकेत तो दे दिया था कि वो न केवल अलग बोलेंगे बल्कि ऐसा जिसके राजनीतिक मायने बहुत गहरे होंगे। वही हुआ। अपनी सरकार की उपलब्धियों का खाका खींचते हुए बड़ी बेबाकी से 2014 से अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। मणिपुर का भी जिक्र कर जताया कि वो भी उतने चिंतित हैं जितने दूसरे। गुलामी के एक हजार वर्षों की बात कह उन्होंने कहा कि हम ऐसे संधिकाल में हैं जहाँ आगे के हजार साल की दिशा तय करनी है। युवाओं का कई बार जिक्र कर भरोसा जताते हुए कहा दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश है जहां 30 वर्ष के युवा जनसंख्या में अधिक हैं, यही हमारी ताकत हैं। इनकी कोटि-कोटि भुजाएं और मस्तिष्क की क्षमताएँ देश को दुनिया में अलग स्थान देने तत्पर है। विश्व इन प्रतिभाओं से चकित है क्योंकि तकनीक के दौर में इनके टेलेण्ट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। महानगरों से लेकर दूर-दराज छोटे कस्बों में भी डिजिटल इण्डिया की धूम युवाओं के कमाल से है। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे जिनका जिक्र करते हुए कहा कि जो कभी सीमावर्ती गांव होते थे आज वो पहली पंक्ति के हैं। ऐसा बदलाव बड़ी इच्छा शक्ति से संभव हो पाया है।

गठित नए मंत्रालयों की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे कैसे-कैसे परिवर्तन और बेहतरी होगी। घर-घर पेयजल, पर्यवारण में सुधार के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी उद्योग की बेहतरी होगी। सहकारिता मंत्रालय से अलग-अलग तबकों को फायदा होगा। जब उनकी सरकार 2014 में सत्ता आई थी तब दुनिया में हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्था दसवें क्रम पर थी, आज पांचवें पर है। हरित ऊर्जा, सौर्य ऊर्जा, वंदेभारत-बुलेट ट्रेन, बेहतर सड़कें, इलेक्ट्रिक बसें, 5-जी, क्वांटम कंप्यूटर, नैनो यूरिया, जैविक खेती उपलब्धियां हैं। उन्होंने बड़े आत्मविश्वास से कहा जिसका हम शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। बड़ा सोचना और दूर का सोचना हमारी कार्यशैली है। 200 करोड़ वैक्सीनेशन पूरा करने का सामर्थ्य दुनिया के लिए उदाहरण है। 75 हजार अमृत सरोवर की कल्पना साकार होने वाली है। निश्चित रूप से जलशक्ति, जनशक्ति से पर्यावरण की दिशा में भी भारत बहुत आगे जा चुका है। अगले महीने से एक नई विश्वकर्मा योजना का एलान भी किया। इस दिन 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसके जरिए पारंपरिक कौशल में लगे लोगों को मदद पहुंचेगी। नई संसद का जिक्र करते हुए कहा पुरानी संसद में कम जगह की चर्चा तो पिछले 25 सालों से हमेशा होती थी लेकिन नई संसद को पूरा कर दिखाने का सामर्थ्य मोदी ने ही दिखाया। उन्होंने कहा नया भारत न रुकता है, न थकता है न हाँफता है, न हारता है, इसीलिए सीमाएं सुरक्षित हुईं। सेना में बदलावों से ही सुरक्षा की अनुभूति हुई है। आतंकी-नक्सली हमलों में जबरदस्त कमीं का बड़ा परिवर्तन दिखा। अपने सपने का घर हर कोई बनाना चाहता है। पैसों की दिक्कत के कारण पूरा नहीं हो पाता और मजबूरी में किराए के घर में रहना पड़ता है। इनके लिए सरकार की भावी योजना आ रही है जिसमें ब्याज पर लाखों रुपए की राहत मिलेगी।

भारतीय महिलाओं की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इनका सामर्थ्य देख दंग है। अब कृषि के क्षेत्र में ड्रोन संचालन में भी महिला स्व-सहायता समूहों की बड़ी भूमिका होगी। इससे एग्रीटेक क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी। भारत द्वारा दिए गए नारे वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड तथा भारत की मेजबानी और जी-20 का दिया नारा वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का खास जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को मातृभाषा में भी उपलब्ध कराने पर आभार जताया। अब जजमेंट का ऑपरेटिव पार्ट आवेदक की स्थानीय भाषा में मिलेगा।

2023 में 10 वीं बार दिया उनका भाषण 90 मिनट का था। 2022 में 84 मिनट 4 सेकेण्ड, 2021 में 88 मिनट, 2020 में 86 मिनट, 2019 में 92 मिनट, 2018 का 82 मिनट, 2017 में 57 मिनट, 2016 में 94 मिनट, 2015 में 86 मिनट तथा 2014 में 65 मिनट का भाषण दिया था। सबसे छोटा भाषण 2017 में दिया था जबकि सबसे ब?ा भाषण 2016 में दिया। एक गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 10 बार भाषण देकर प्रधानमंत्री ने कुल 13 घण्टे 46 मिनट 4 सेकेण्ड तक लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित किया। उनका दो बार कहना 'मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए' बड़े इशारे हैं। पहली बार 'मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए, इस कालखंड में हम जो करेंगे, जो कदम उठाएंगे, त्याग करेंगे, तपस्या करेंगे उससे आने वाले एक हजार साल का देश का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है।' दूसरी बार कहा 'इन दिनों जो मैं शिलान्यास कर रहा हूं, आप लिखकर रख लीजिए, उनका उद्घाटन भी आप सब ने मेरे नसीब में छोड़ा हुआ है।

-ऋतुपर्ण दवे

आपका राशिफल 18 अगस्त

शुभांक - 9,1,2

पं. लोकेश व्यास

मेष	उतार-चढ़ाव महसूस कर सकते हैं खान-पान का ध्यान रखें
वृष	युवा वर्ग अपने अंदर की प्रतिमा को पहचान कर कार्य करें सफल अवश्य होंगे
मिथुन	योजनाओं को तुरंत क्रियान्वित करें अलस से दूर रहने की कोशिश करें
कर्क	व्यवसाय स्थल पर कार्यप्रणाली में बदलाव लाने की आवश्यकता है
सिंह	जीवनसाथी और परिवार जनों का पूरा सहयोग मिलेगा तरक्की मिलेगी
कन्या	रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक संकट कुछ हद तक दूर होगा थकान महसूस करेंगे
तुला	पिछले कुछ समय से जिन कार्यों को टालने की कोशिश कर रहे थे
वृश्चिक	पैसा उधार देने से बचें नुकसान हो सकता है
धनु	दांपत्य जीवन व्यवस्थित रहेगा स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें
मकर	दैनिक दिनचर्या को सुधारने की कोशिश करें स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें
कुंभ	खास लोगों से मुलाकात होगी जिनका भविष्य में फायदा अवश्य होगा
मीन	मीन सामाजिक गतिविधियों में अपना सहयोग बढ़ाएं

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिखा गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें

ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

संपर्क - 9009074786

संघर्ष के पर्याय और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे सुभाष जी

मूर्ति अनावरण एवं संगोष्ठी समारोह पर विशेष

जबलपुर,यशभारत। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था...सच कहूं तो सुभाष जी के बिना जबलपुर की कल्पना अधूरी है।यह शब्द उन्होंने महाकौशल में आरएसएस, जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के आधारस्तंभ रहे स्व. सुभाषचंद्र बैनर्जी के लिए कहे थे।सच में बाजपेयी जी जैसा विराट व्यक्तित्व यदि किसी के विषय में इतने उच्च कोटि के विचार रखे तो उस व्यक्तित्व के आदर्श जीवन को सहज ही समझा जा सकता है।सुभाष जी वास्तव में कड़े संघर्ष के पर्याय, निस्वार्थ साधक और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे।उन्होंने जनसंघ के दौरान पार्टी के संकट वाले दिन भी देखे और भारतीय जनता पार्टी की उत्तरोत्तर उन्नति को भी देखा लेकिन सुभाष जी न संकट में घबराए और ना ही पार्टी की उन्नति देखकर अति उत्साहित हुए।उन्होंने अपनी श्रम साधना से आरएसएस संगठन व जनसंघ को मजबूत बनाया बिल्कुल नींव का पत्थर बनकर।उनमें कभी स्वार्थ भावना नहीं रही, तभी तो राजनीति से जुड़े उनके समकालीन मित्र उन्हें राजनीति का संत कहा करते थे।

14 अगस्त 1921 को जबलपुर में जन्मे सुभाषचंद्र बैनर्जी की शिक्षा जबलपुर में ही हुई। उन्होंने महाकौशल महाविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा दीक्षा के दौरान ही आपको देश व समाज की चिंता ने आरएसएस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। आपने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए पारिवारिक जीवन का त्याग किया और प्रचारक के रूप में 10 वर्षों तक रायपुर में रहे। इस दौरान आपने छत्तीसगढ़ अंचल में आदिवासियों को संघ से जोड़ने का काम किया। बाद में संघ के निर्देश पर जनसंघ का कार्य आपने अपने बड़े भाई विमलचंद्र बैनर्जी व छोटे भाई विभाषचंद्र बैनर्जी के साथ प्रारंभ किया। सुभाष जी 10 वर्षों तक जबलपुर जिला व शहर जनसंघ में अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे। वर्ष 1956 में आपका विवाह जयश्री बैनर्जी के साथ हुआ। आपने धर्मपत्नी को भी इसी कार्य से जोड़ लिया। वर्ष 1967 में लोकसभा में आपने जनसंघ प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा। इस चुनाव के माध्यम से जनसंघ की छाप जन-जन तक पहुंचाने में सफलता मिली। आपकी मिलनसारिता, सहजता व वाकपटुता के कारण संगठन और बाहर भी आप सभी को स्वीकार रहे। देश व समाजसेवा के लिए बैनर्जी परिवार सदैव समर्पित रहा। बच्चों की शिक्षा एवं उनके समुचित उत्थान के लिए आपने अपने गलगला स्थित निवास की भूमि दान में दे दी। यहां 1972 में जबलपुर शहर के प्रथम सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना की गई। जून 1975 से मार्च 1977 तक आपातकाल के दौरान बैनर्जी परिवार के 6 सदस्य जेलों में बंद रहे। इस दौरान आपको, पत्नी जयश्री, बड़े भाई विमलचंद्र, छोटे भाई विभाषचंद्र और उनके दो पुत्रों अरुण व विपिन को मध्य प्रदेश के विभिन्न जेलों में बंदी बनाकर रखा गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी का कार्य करते समय गुरुजी गोलवलकर जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, एकनाथ रानाडे, कुशाभाऊ ठाकरे, दत्तोपंत ठेंगड़ी, नानाजी देशमुख, अटल बिहारी बाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी आदि दिग्गजों से आपका निकट का संबंध रहा, जिन्होंने विभिन्न अवसरों पर आपके विलक्षण गुणों का वर्णन किया। सही मायनों में सुभाष जी ने अपने जीवन में निष्काम कर्म किया, उनके कर्तव्यपथ पर स्वार्थपरता की भावना नहीं रही। संगठन में उन्होंने हजारों युवाओं में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। इनमें से अनेक युवा देश और प्रदेश के जाने-माने नेता बने लेकिन सुभाष जी ने बदले में कभी कोई अपेक्षा नहीं की।

अपने कर्तव्यपथ पर चलते हुए उन्होंने 15 नवंबर 2000 को इस संसार सागर से विदा ली। सुभाष जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को उनके वरिष्ठजन, सहयोगी और मित्रगण कभी नहीं भूल सके। सभी ने अपने मन में सुभाष जी के साथ बिताए पलों को संजोकर रखा था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सर संघचालक कुप. सी सुदर्शन ने लिखा था... सुभाष जी का पूरा जीवन सात्विक, संयमित एवं परहित रहा। भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने लिखा था कि... सुभाष जी एक संयत, मृदुभाषी, कुशल योजक और निस्पृह व्यक्ति थे। उनमें लोगों को संगठित करने का अद्भुत कौशल था। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे का कहना था कि... सुभाष जी में कार्यकर्ता तैयार करने की अद्भुत क्षमता थी, इसका मुख्य कारण यह था कि उन्होंने स्वयं को कभी प्रोजेक्ट नहीं किया।

सुभाषचंद्र बैनर्जी की मूर्ति का अनावरण कल

-शैलेंद्र शुक्ला

फिल्म वर्ग पहेली- 6242



ऊपर से नीचे:-

बायें से दायें:-

फिल्म वर्ग पहेली- 6241

लिवर प्रत्यारोपण के बाद सही आहार: एक पूर्ण गाइड

नमस्कार दोस्तों। आपकी लिवर प्रत्यारोपण के बाद सही आहार की जरुरत होती है ताकि आपकी सेहत ठीक बनी रहे और आपका जल्दी स्वागत कर सकें। यहां हम आपको उन आहारों के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आपके लिवर प्रत्यारोपण के बाद खाने की सलाह दी जाती है-

स्वस्थ सब्जियां और फल

- ताजगी सब्जियां और फल आपके लिवर की सेहत को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं।
- अधिकतम विटामिन, मिनरल्स, और फाइबर से भरपूर आहार खाएं।

पूरे अनाज और अच्छे कार्बोहाइड्रेट्स

- ब्राउन राइस, ओट्स, और पूरे अनाज आपके ऊर्जा स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं।
- अच्छे कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा को संतुलित रखें।

प्रोटीन स्रोत

- मांस, मछली, अंडे, दही, और पनीर जैसे प्रोटीन स्रोत शक्तिशाली आहार होते हैं।
- ये आपके बॉडी के निर्माण कार्यों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

दूध और दूध के उत्पाद

- दूध, दही, पनीर आदि में प्रोटीन और कैल्शियम होता है, जो आपकी ऊर्जा और हड्डियों की सेहत के लिए आवश्यक है।
- अच्छे कैल्शियम स्रोत को अपने आहार में शामिल करें।

हेल्दी तेल और खड़ी द्रव्यांश

- तिल का तेल, खड़ी द्रव्यांश, और नट्स आपके लिवर के लिए फायदेमंद होते हैं।

इसके अलावा, स्टेल खाने से बचें और हमेशा ताजा खाना पसंद करें। इन आहारों का सेवन करके आप अपने लिवर की सेहत को सुरक्षित रख सकते हैं और अपने प्रत्यारोपण के बाद के जीवन का आनंद उठा सकते हैं।

सुरक्षित रखें, स्वस्थ रहें!

-डॉक्टर चेतन कलाल,
हेपाटोलॉजिस्ट, नानावटी मैक्स
सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
विलेपार्ले मुंबई

कहते हैं पहला प्यार कभी भुलाया नहीं जाता फिर पता नहीं लोग क्यों अपने मां बाप का प्यार भूल जाते हैं। मुफ्त में सिर्फ मां बाप का ही प्यार मिलता है। इसके बाद दुनिया में हर रिश्ते के लिए कुछ न कुछ चुकाना पड़ता है। मंदिरों की जिन मूर्तियों कोहमने बनाया है हम उनकी पूजा तो करते हैं पर जिन्हों हमें बनाया हम उन मां बाप की पूजा क्यों नहीं करते।

-मुनिश्री तरुण सागर

यश भारत
नये ज़माने के साथ..
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •

1 माह	15 दिन	7 दिन	3 दिन	1 दिन
Rs.1800/-	Rs.1200/-	Rs.500/-	Rs.250/-	Rs.150/-

व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण आम सूचना
इश्तहार गुमशुदा नाम सुधार जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 , 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

» न्यूज गैलरी

गृहमंत्री का दिग्विजय पर निशाना

आई फ्लू अब ठीक हो रहा है -नरोत्तम मिश्रा

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने दिग्विजय सिंह द्वारा बजरंग दल पर बैन लगाने के बयान पर कहा कि बैन लगाना तो दूर सोच भी नहीं सकते। कुछ लोगों का आई फ्लू अब ठीक हो रहा है। कुछ दिनों सारे जाले साफ हो जाएंगे। पहले पाकिस्तान जिंदाबाद-काजी साहब जिंदाबाद सुनाई देता था। दिग्विजय सिंह के एससी बहुल क्षेत्रों के दौरे पर पलटवार करते हुए कहा कि वे जहां-जहां जाएंगे वहां सुपड़ा साफ हो जाएगा। गुलाम नबी आजाद का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि वो कांग्रेस से दूर होने के बाद सच बोल पाए। कांग्रेस सच बोलने से रोकती है। गुलाम नबी ने सबके पूर्वजों को बताया था हिंदू। सतना में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में गृहमंत्री मिश्रा ने कहा कि यह मानसिक बीमार टाइम के लोग हैं। यह बहुत घृणित कृत्य है, आरोपित को गिरफ्तार किया जा चुका है, फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला भेजा जाएगा।

भोपाल की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सुश्री अंजना यादव ने यूरोप महाद्वीप के सबसे ऊंचे शिखर माउंट एलबुस पर फहराया तिरंगा

भोपाल यशभारत। नगर निगम भोपाल की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं पर्वतारोही सुश्री अंजना यादव ने देश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यूरोप महाद्वीप के सबसे ऊंचे शिखर माउंट एलब्रुस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया साथ ही स्वच्छ भोपाल का बैनर भी प्रदर्शित किया। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सुश्री अंजना यादव 10 अगस्त से 18 अगस्त 2023 तक आयोजित कैंप में हैं और उन्होंने 5642 मीटर ऊंचे शिखर माउंट एलब्रुस पर 15 अगस्त 2023 को भारतीय समय अनुसार प्रातः10ः00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं झीलों का शहर स्वच्छ भोपाल का राजा भोज की प्रतिमा युक्त बैनर भी प्रदर्शित किया। सुश्री यादव के साथ भारत के विभिन्न स्थानों के 8 पर्वतारोही भी माउंट एलब्रूस पर गए हैं।

मुद्रा योजना के उद्यमी सीएमउद्यम क्रांति योजना में ब्याज अनुदान के पात्र

भोपाल (ईएमएस)। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में स्थापित मौजूदा ऐसी इकाइयों, जिनका 1 सितंबर 2022 के बाद नवीनीकरण हुआ है, को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में लाभांवित किए जाने के लिए नवीन उद्यम होने संबंधी प्रावधान से छूट रहेगी और ब्याज अनुदान का लाभ मिलेगा। गत 7 अगस्त को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।मुद्रा योजना में स्थापित इकाइयों में आवेदक द्वारा प्रायः नवीनीकरण के माध्यम से और अधिक ऋण राशि लेकर योजना का विस्तार किया जाता है जिससे पुनः नई पूँजी का निवेश होता है। साथ ही नये रोजगार का सृजन भी होता है। मंत्रि-परिषद के निर्णय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश अनुसार अब इस योजना के पुराने प्रकरणों में भी नवीनीकरण होने पर आवेदक मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर ब्याज अनुदान सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

आईएएस अधिकारी आइरिन सिंथिया जेपी की सेवाएं केंद्र सरकार को सौंपी

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश की संचालक बजट आइएएस अधिकारी आइरिन सिंथिया जेपी की सेवाएं मध्य प्रदेश सरकार ने प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार को सौंप दी है। उन्हें कामाराजर पोर्ट लिमिटेड का प्रबंध संचालक बनाया गया है।सेवाएं पांच वर्ष के लिए केंद्र को सौंपीआइएएस अधिकारी आइरिन सिंथिया जेपी की सेवाएं पांच वर्ष के लिए सौंपी गई है। वहीं, प्रमुख सचिव स्तर की तीन अधिकारी भी जल्द ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने वाली हैं।तीन और अधिकारियों ने भी किया है उल्लेखनीय है कि मंत्रालय में पदस्थ प्रमुख सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी, दीपाली रस्तोगी और करलिन खोंगवार देशमुख भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए आवेदन कर चुकी हैं।

मप्र चुनाव

बीजेपी ने एमपी-छत्तीसगढ़ के लिए जारी की पहली सूची

भोपाल की 2 सीटों पर उम्मीदवार घोषित

भोपाल, यशभारत। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव से लगभग तीन माह पहले अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सभी को चौंका दिया है. मध्य प्रदेश के लिए जारी की गई 39 सीटों के उम्मीदवारों की पहली सूची में उन विधानसभा क्षेत्रों के नाम हैं, जहां अभी कांग्रेस के विधायक हैं. भाजपा ने पहली सूची के जरिए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को घेरने की रणनीति बनाई है।

कौन हैं ध्रुव नारायण सिंह

बीजेपी ने भोपाल मध्य से पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है. 2018 में यहां कांग्रेस के आरिफ मसूद ने भाजपा के सुरेन्द्रनाथ सिंह को हराया था. पहले ये सीट भोपाल दक्षिण कहलाती थी. ध्रुव नारायण सिंह इस सीट से पहले चुनाव जीत चुके हैं.भोपाल मध्य यानि दक्षिण भोपाल विधानसभा सीट से ध्रुव नारायण सिंह 2008 से 13 तक विधायक रह चुके हैं. पिछले चुनाव में उनका टिकट कट गया था. पार्टी ने एक बार फिर उन्हें मौका दिया है. इसके अलावा ध्रुव नारायण सिंह 2003 से 2007 तक भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश कार्यक्रम समिति के सदस्य भी रह चुके हैं. साथ ही वो मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष, भोपाल हॉकी एसोसिएशन और भोपाल संभागीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

भाजपा की यह रणनीति महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि कांग्रेस में अभी तय नहीं है कि उनके कितने दिग्गज नेता अथवा मौजूदा विधायक टिकट पा सकेंगे? भाजपा की पहली सूची में पच्चीस नए चेहरे हैं. नए चेहरों के जरिए भाजपा कांग्रेस के पुराने चेहरों की चमक कम करना चाहती है. चौदह सीटों पर पार्टी ने उन चेहरों को फिर से मौका दिया है जो पिछले विधानसभा चुनाव पराजित हो गए थे.इनमें भिंड जिले की गोहद विधानसभा सीट के उम्मीदवार रहे लाल सिंह आर्य भी हैं. लाल सिंह आर्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. गोहद विधानसभा की सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है. इस सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से रणवीर जाटव जीते थे. जाटव केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक हैं. उनके साथ दलबदल कर भाजपा में आए थे. लेकिन,28 सीटों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार से पराजित हो गए थे. सिंधिया के प्रभाव वाले क्षेत्र ग्वालियर-चंबल की 34 सीटों में से सिर्फ पांच सीटों के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा भाजपा ने की है. इनमें कांग्रेस के दो दिग्गज नेता केपी सिंह और लक्ष्मण सिंह भी शामिल हैं।। अपनी पहली सूची में भोपाल की 2 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं. भोपाल उत्तर और भोपाल मध्य. ये दोनों वो सीट हैं जो अभी कांग्रेस के पास हैं. इनमें से भोपाल उत्तर तो कांग्रेस का गढ़ बन चुकी है. जबकि भोपाल मध्य को कांग्रेस ने पिछले चुनाव में बीजेपी से छीना था। कांग्रेस का गढ़ उत्तर विधानसभा यानि भोपाल के पुराने इलाके की सीट से बीजेपी ने पूर्व मेयर आलोक शर्मा को प्रत्याशी बनाया है. आलोक शर्मा सीएम शिवराज के करीबी माने जाते हैं. हालांकि वो 2018 में भी इसी उत्तर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. इस सीट पर पिछले 6 चुनाव से लगातार कांग्रेस के आरिफ अकील जीतते हुए आ रहे हैं. आरिफ अकील अब काफी अस्वस्थ्य हैं और उन्होंने हाल ही में अपने बेटे आतिफ अकील का नाम दावेदारी में आगे बढ़ाया है.बीजेपी ने चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले ही अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है. ये पहला मौका है जब 3 महीने पहले वो मैदान में उतर आयी है. उसने पहली सूची में 39 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है. इनमें राजधानी भोपाल की 2 सीट हैं।

छत्रपति शिवाजी के पावन चरित्र को अपने जीवन में उतारें: मंत्री सुश्री ठाकुर

रवीन्द्र भवन में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में गूँजी देशभक्ति कविताएँ

भोपाल यशभारत।संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि छत्रपति वीर शिवाजी महाराज के पावन चरित्र को हम सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। शिवाजी महाराज के मूल्यों और सिद्धांतों पर चलकर ही हम भारत को 21वीं सदी का विश्व गुरु बनाने में अपनी भूमिका निभा पाएंगे। मंत्री सुश्री ठाकुर रवीन्द्र भवन में हिंदवी स्वराज स्थापना के 350 वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदवी स्वराज्य स्थापना समारोह समिति और राष्ट्रीय कवि संगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि त्याग, पराक्रम और बलिदान की असंख्य गाथाओं से भरी भारत जैसी पावन भूमि पूरे विश्व में नहीं है। मंत्री सुश्री ठाकुर ने जिस हिंदू ने नव में जाकर नक्षत्रों को दी है संज्ञा कविता सुनाकर सभी को देशप्रेम की ऊर्जा से भरते हुए भारत को विकास और सांस्कृतिक उत्थान के चरमोत्कर्ष पर पहुँचाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। राष्ट्र विचारक हेमंत मुक्तिबोध ने कहा कि छत्रपति शिवाजी के स्वराज में स्व का बहुत महत्व है। इस स्व ने ही भारत के वीर क्रांतिकारियों को स्वाधीनता के संघर्ष की प्रेरणा दी थी। श्री मुक्तिबोध ने कहा कि भारत के विश्व का प्रतीक हमारा राष्ट्रीय ध्वज है। ध्वज के शीर्ष में केसरिया रंग हमारी संस्कृति, ज्ञान और प्रेरणा का प्रतीक है।

सीएमएम शिवराज पर कमलनाथ का बड़ा आरोप

भोपाल ,यश भारत। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में तीन माह का समय बचा है। इससे पहले भाजपा और कांग्रेस दोनों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। इस बीच पूर्व सीएम कमलनाथ ने सीएम शिवराज पर बड़ा हमला बोला है। कमलनाथ ने कहा कि जनता को पता है कि मामा 50प्रतिशत कमीशन के लिए चुनाव से पहले घोषणाएं कर रहे हैं। पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आदरणीय मुख्यमंत्री जी आपने पिछले साल 15 अगस्त को वादा किया था कि एक साल में एक लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करेंगे। मुझे आशा थी कि इस स्वतंत्रता दिवस पर आप उन एक लाख सरकारी नौकरियों का ब्यौरा मध्य प्रदेश की जनता के सामने देंगे। नौजवान अगले दिन भी प्रतीक्षा करते रहे कि शायद व्यस्तता के चलते आप एक दिन बाद वह नौकरियां उनके सामने रखें। लेकिन नौकरियां दी होतीं, तब तो आप बताते। यह आपका ही कलेजा है जो स्वतंत्रता दिवस जैसे पवित्र दिवस पर भी झूठी घोषणाएं कर सकता है। मध्य प्रदेश की जनता और नौजवान अच्छी तरह समझ गए हैं कि जो व्यक्ति पिछले 18 साल से एक के बाद एक झूठी घोषणा करता चला आ रहा है, वह चुनाव से पहले जो वादे कर रहा है, उनकी क्या दुर्गति होने वाली है? जनता को पता है कि मामा यह घोषणाएं उनके भविष्य के लिए नहीं, बल्कि अपने 50त्न के कमीशन राज की जेबें भरने के लिए कर रहे हैं। आप जनता का विश्वास तो पहले ही खो चुके थे, अब उनकी निगाह से भी उतर रहे हैं।

पीओपी की मूर्तियों पर प्रतिबंध रंगरोगन के लिए विषाक्त रंगों के इस्तेमाल पर भी रोक

भोपाल , यशभारत। जिले में आगामी गणेशोत्सव और नवरात्र के दौरान बैठने वाली झांकियों के लिए बनाई जाने वाली मूर्तियों को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह ने धारा 144 के तहत प्रतिबंधित आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि भोपाल जिले में प्लास्टर आफ पेरिस (पीओपी) की सामग्री एवं विषाक्त रंगों से निर्मित मूर्ति एवं उनके विसर्जन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।आदेश के अनुसार मूर्तियों, प्रतिमाओं के निर्माण में केवल उन्हीं प्राकृतिक सामग्रियों का ही इस्तेमाल किया जाए, जैसा कि पवित्र ग्रंथों में उल्लेखित है। मूर्तियों के निर्माण में परंपरागत मिट्टी का ही उपयोग किया जाए। पकी हुई मिट्टी, पीओपी प्लास्टर आफ पेरिस या किसी प्रकार के केमिकल या रासायनिक वस्तुओं का उपयोग प्रतिमा, मूर्ति निर्माण में किया जाना प्रतिबंधित रहेगा।आदेश में यह भी कहा गया है कि मूर्तियों, प्रतिमाओं पर कलर के लिए केवल प्राकृतिक रंगों और गैर विषाक्त रंगों का इस्तेमाल किया जाएगा।

साइकिल से भारत यात्रा करने वाली मप्र की बेटी का सीएम शिवराज ने किया सम्मान

भोपाल,यशभारत। महिला सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण की अलख जगाने के साथ जन-जागरूकता के उद्देश्य से एक नवम्बर 2022 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर राजगढ़ की रहने वाली आशा मालवीय ने एकल महिला साइकिल यात्रा भोपाल से प्रारंभ की थी। उनकी यह यात्रा 15 अगस्त 2023 को दिल्ली में संपन्न हुई। इस उपलब्धि पर मप्र की इस साहसी बेटी से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन में भेंट की। मुख्यमंत्री शिवराज ने इस उपलब्धि के लिए आशा मालवीय को अंग-वस्त्रम भेंट कर सम्मानित कर बधाई दी। उन्होंने मध्यप्रदेश की बेटी आशा के बुलंद हौसले, साहस और यात्रा के उद्देश्य की मुक्त कंठ से सराहना की।

साइकिल से तय किया 25000 किमी का सफर

गौरतलब है कि आशा ने साइकिल से यात्रा कर 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 25 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। यात्रा के दौरान उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों, अधिकारियों, 5 लाख स्कूली छात्रों से भेंट की। इस साइकिल यात्रा के लिए आशा ने मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदत्त अत्याधुनिक जीपीएस युक्त रोम-2 हाइब्रिड साइकिल का इस्तेमाल किया। इन राज्यों से होकर गुजरी साइकिल यात्रासाइकलिस्ट आशा मालवीय की यात्रा गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर (सेनापति बॉर्डर), मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, लद्दाख (कारगिल बॉर्डर) और राजस्थान से होते हुए दिल्ली में संपन्न हुई।

शराब के लिए दो सफाई कर्मचारियों ने की वृद्ध की पत्थर पटककर हत्या

भोपाल, यशभारत। कटारा हिल्स इलाके में एक क्वार्टर शराब के लिए दो सफाई कर्मचारियों ने एक वृद्ध की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। घर से निकले वृद्ध की स्वजन ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पांच दिन बाद उनकी लाश मिलने पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि उनकी हत्या की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

बेटी-दामाद के यहां आए थे बुजुर्ग सज्जन थाना प्रभारी भान सिंह प्रजापति ने बताया कि मिट्ठू पवार (68) वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। वह मूलतः छिंदवा?ा के रहने वाले थे। फिलहाल करारिया फार्म बजरिया में रहते थे। उनकी बेटी और दामाद कटारा हिल्स स्थित गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर में रहते हैं, जहां उनकी आना-जाना था। इस दौरान परिसर में साफ-सफाई करने वाले गजराज (50) और अंकित खरे (22) दोनों निवासी ग्राम बर्रई से उनकी जान-पहचान थी।

सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपितों तक पहुंची पुलिस

पुलिस ने आगे बताया कि बीती नौ अगस्त की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे मिट्ठू पवार बेटी के घर से निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे। स्वजन ने काफी खोजने के बाद अगले दिन थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पांच दिन बाद अवधपुरी के ग्राम झागरिया स्थित झुग्गी बस्ती के सामने उनका शव बरामद हुआ था। पीएम रिपोर्ट के बाद कटारा पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपितों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दो सफाई कर्मचारी गजराज और अंकित को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने हत्या करना स्वीकार कर लिया।बजरंग दल मुद्दे पर एमपी के गृहमंत्री का दिग्विजय सिंह पर निशाना, आई फ्लू अब ठीक हो रहा है।

एक क्वार्टर शराब के लिए की थी हत्या

जांच के दौरान पता चला कि नौ अगस्त की सुबह तीनों लोग कलारी पहुंचे और वहां से शराब खरीदकर पी। इस दौरान मिट्ठू पवार ने कई और क्वार्टर खरीदकर अपने झोले में रख लिए थे।

सहस्त्राब्दि समारोह पर 1000 का सिक्का जारी होगा

भोपाल (ईएमएस)।श्वेतांबर जैन खरतरगच्छ संघ के सहस्त्राब्दि वर्ष समारोह पर भारत सरकार स्मृति स्वरूप 1000 रूपये का सिक्का जारी करेगी। यह जानकारी सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने दी है। मंत्री श्री सखलेचा ने भारत सरकार के संस्कृति, पर्यटन मंत्री को प्रस्ताव भेजा था। भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री श्री पकंज चौधरी ने संस्कृति और पर्यटन मंत्री का संदर्भ देते हुए एमएसएमई मंत्री श्री सखलेचा को 8 अगस्त को लिखे पत्र में उनके प्रस्ताव पर 1000 रूपये का स्मारक सिक्का जारी करने पर सहमति का उल्लेख किया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि प्रतिभूति मुद्रा निर्माण निगम को श्री खरतरगच्छ सहस्त्राब्दि महोत्सव समिति के साथ डिजाइन आदि ।

मुख्यमंत्री ने पर्यावरण प्रेमियों-सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ किया पौधा-रोपण

भोपाल , यशभारत।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नियमित पौध-रोपण अंतर्गत आज स्मार्ट उद्यान में पर्यावरण प्रेमी नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ नीम, बेलपत्र और जामुन के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ समाजसेवी डॉ. संदीपा मल्होत्रा, श्रीमती अनामिका और श्रीमती दीपा ने पौध-रोपण किया। ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शिक्षिका श्रीमती ललिता, रूचि जैन, प्रियदर्शना, अंशिका, नयना, श्वेता, इशिता के साथ ही अनेक विद्यार्थी भी पौध-रोपण में शामिल हुए। जन्म-दिवस पर सर्वश्री विपेन्द्र प्रताप सिंह, वैभव्य और मनु ने पौधे लगाए। सामाजिक कार्यकर्ता सर्वश्री अजय पटेल, गोलू पटेल और शंकरलाल शर्मा ने भी पौध-रोपण में हिस्सा लिया।

निरीक्षण

कंपनी पर पेनाल्टी ,लापरवाह निगमकर्मी का कटेगा वेतन

कचरा निष्पादन संबंधी अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन

भोपाल यशभारत ।निगम आयुक्त फ्रेंक नोबल ए. ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न मार्गो एवं कालोनियों की साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया और गंदगी, कचरा पाये जाने पर तत्काल वायरलैस सेट पर कचरा हटाकर साफ-सफाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। निगम आयुक्त श्री नोबल ने शाहपुरा स्थित बाबा नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया और ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा पहुंचाने वाले वाहनों, कचरा निष्पादन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की और कचरा वाहनों के ट्रिप एवं उसकी जानकारी संधारण पंजी का भी अवलोकन किया।

निगम आयुक्त श्री नोबल ने ट्रांसफर स्टेशन पर बिना वजन किये कचरा वाहन द्वारा कचरा खाली करते पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कंपनी पर पेनाल्टी अधिरोपित करने तथा ड्युटी पर तैनात निगमकर्मी द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन उचित ढंग से न करने पर एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने शाहपुरा, मनीषा मार्केट, शैतान सिंह चौराहा, त्रिलंगा गुलमोहर, औरा माल, शाहपुरा थाना, इंडस एम्पायर, अल्टीमेट हाईट्स, अपोलो सेज हास्पिटल, रोहित नगर, बावड़िया कलां रोड, रोहित मार्केट, तिलक नगर, ई-7 अरेरा कालोनी, 1100 क्वाटर्स, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन मार्ग आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न मार्गो एवं कालोनियों की साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया और गंदगी, कचरा पाये जाने पर तत्काल वायरलैस सेट पर कचरा हटाकर साफ-सफाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। निगम आयुक्त श्री नोबल ने शाहपुरा, मनीषा मार्केट, शैतान सिंह चौराहा, त्रिलंगा गुलमोहर, औरा माल, शाहपुरा थाना, इंडस एम्पायर, अल्टीमेट हाईट्स, अपोलो सेज हास्पिटल, रोहित नगर, बावड़िया कलां रोड, रोहित मार्केट, तिलक नगर, ई-7 अरेरा कालोनी, 1100 क्वाटर्स, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन मार्ग आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया और गुलमोहर मुख्य मार्ग एवं अल्टीमेट हाईट्स के पास कचरा पाये जाने पर तत्काल कचरा हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। निगम आयुक्त श्री नोबल ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त श्री नोबल ने शाहपुरा स्थित बाबा नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया और ट्रांसफर स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों से कचरा पहुंचाने वाले वाहनों, कचरा निष्पादन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की और कचरा वाहनों के ट्रिप एवं उसकी जानकारी संधारण पंजी का भी अवलोकन किया।

निगम आयुक्त श्री नोबल ने ट्रांसफर स्टेशन पर बिना वजन किये कचरा वाहन द्वारा कचरा खाली करते पाये जाने, संधारण पंजी में उचित सही जानकारी दर्ज न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कंपनी पर पेनाल्टी अधिरोपित करने तथा ड्युटी पर तैनात निगमकर्मी द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही करने पर एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

सतना में मासूम से दुष्कर्म के आरोपित का घर किया जा रहा जमींदोज

सतना ,यशभारत। 16 अगस्त को सतना में दुष्कर्म का शिकार हुई 5 वर्षीय मासूम की हालत स्थिर बनी हुई है। तो दूसरी तरफ गृह मंत्री के बयान के बाद हरकत में आए जिला प्रशासन ने आनन-फानन में आरोपित के घर को गिराने का निर्णय ले लिया। शुक्रवार की सुबह जहां आरोपित के घर के पास पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। राजस्व अधिकारियों के पहुंचने के बाद आरोपित के घर को जमींदोज किया जा रहा है। गली सकरी होने के कारण मौके पर नहीं पहुंच पाई जेसीबी तो ड्रील मशीन से तोड़ा जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिविल सिंह बघेल ने बताया कि गत 16 अगस्त को आरोपित शाम करीब 5ः30 बजे बच्ची को टॉफी दिलाने की लालच देकर अपने साथ ले गया था। कुछ देर बाद वह बच्ची को लहूलुहान हालत में गोद में उठाकर ले जाता दिखा। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपित और बच्ची को थाने ले आई। यहां बच्ची बेहोश हो गई। पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था ।पीि?ता अपनी दादी के साथ रहती है। ये भीख मांगकर अपना गुजारा करते हैं। वहीं आरोपित का नाम राकेश वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी जीवन ज्योति कॉलोनी सतना उसी दिल गिरफ्तार कर लिया गया था। वहहाल ही में दुष्कर्म के एक मामले में जेल से सजा काटकर बाहर आया था । पीड़िता की हालत स्थिर बनी हुई है जबकि प्रशासन द्वारा घर गिराने के आदेश जारी किए जा चुके हैं पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है कुछ देर में ही घर गिराने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। कलेक्टर अनुराग बर्मा बोले- नगर निगम आयुक्त से आरोपित के घर की जानकारी मंगाई थी। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कार्रवाई की जा रही है।

» न्यूज गैलरी

नेमी कुमार की बारात का किया स्वागत

पनागर, यशभारत। ब्राह्मी विद्या बालिका मंडल एवं श्री शांतिनाथ महिला परिषद पनागर द्वारा जबलपुर से श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन स्वर्ण मंदिर चातुर्मास कमेटी के तत्वाधान में निकल जा रही नेमी कुमार की बारात का भव्य स्वागत पनागर में किया गया बालिका मंडल के अध्यक्ष कुमारी सुषमा मोदी मानसी मोदी रुचि कटंगा रश्मि सिंघाई पलक मोदी देशना जैन संस्कृति जैन खुशी मोदी सिद्धि चौधरी आयुषी जैन यशिका जैन एवं महिला मंडल की अध्यक्ष समीक्षा चौधरी रजनी मोदी अंशुल असगरी मृदुल असगरी रक्षा मोदी श्रीमती मालती मोदी शालिनी लग्जरी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी कार्यक्रम कल संपन्न कराने में सभी ने सराहनी सहयोग प्रदान किया।

मेरी माटी मेरा देश का समापन

कुंडम, यशभारत। मेरी माटी मेरा देश कुंडम-मेरी माटी मेरा देश अभियान 09 से 16 अगस्त का समापन गत दिवस जनपद सभा कक्ष में विधायक नंदनी मरावी के कर कमलों द्वारा किया गया जिसमें आदिवासी बाहुल्य के 68 ग्राम पंचायतों से पवित्र मिट्टी को कलश में सजाकर सभी सरपंच एवं सचिव के द्वारा लाया गया एवं मिट्टी को एकत्रित कर देश की राजधानी दिल्ली रवाना किया गया इस कार्यक्रम में श्री कमलेश साहू, सतीश अवस्थी सुरेंद्र सिंह धुर्वे जनपद पंचायत अध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर जनपद उपाध्यक्ष, एसडीएम रघुवीर सिंह मरावी सीईओ पीएल यादव ब्लॉक समन्वयक मुकेश वासनिक,बीपीओ रविशंकर परस्ते सहित जनपद पंचायत के अधिकारी,कर्मचारी गण सभी पंचायतो के सरपंच सचिव एवं बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलचुरी समाज ने शंकराचार्य जी का पादुका पूजन कर लिया आशीर्वाद

पुन : कलचुरी समाज के जिलाध्यक्ष बने पंकज चौकसे

गोटेगांव, यशभारत। धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर स्थित रेस्ट हाउस में जिला कलचुरी समाज की एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई सर्वप्रथम कलचुरी समाज के समस्त पदाधिकारी सदस्यों ने मां त्रिपुरसुंदरी राजराजेश्वरी मैयाजी के मंदिर में पहुंच कर पूर्ण विधिविधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन करने के पश्चात त्रिपुरालय कुटी पहुंचकर वहां पर विराजमान प्रातःस्मरणीय परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य 1008 स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराजजी की भक्तिभाव श्रद्धापूर्वक पूर्ण विधि -विधान मंत्रोच्चारण के साथ पादुका पूजन कर समस्त सजातीय बंधुओं द्वारा आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत पूज्य महाराजश्री ने सभी पदाधिकारियों सदस्यों को स्मृतिचिन्ह भेंट स्वरूप देकर शुभाशीष प्रदान किया तत्पश्चात समस्त सजातीय बंधुओ ने रेस्ट हाउस पहुंचकर सर्वप्रथम भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करने के उपरांत आयोजित बैठक में सामाजिक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के उपरांत कालीचरण राय मुर्गाखेड़ा द्वारा भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी के मंदिर के लिए मां नर्मदा तट के के पास रोड किनारे 1 एकड़ भूमि समाज को दान दी गई तत्पश्चात सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष पद पर रहकर समाज हित के लिए अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए समाजहित में अनेकों कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी भाई पंकज चौकसे को पुनः जिलाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया श्री चौकसे को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उपस्थित जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देकर पूर्व की तरह आगे भी भविष्य में समाजहित के लिए तत्परता से कार्य करने की अपेक्षा की है तत्पश्चात बैठक में उपस्थित पदाधिकारी द्वारा समाज उत्थान एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये तत्पश्चात पुनः जिलाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपें जाने पर भाई पंकज चौकसे ने वरिष्ठ पदाधिकारी एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज उद्धार हेतु पूर्ण ईमानदारी के साथ निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए संगठन को दिन पर दिन ऊंचाइयों की बुलंदी पर पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करूंगा बैठक का सफल संचालन रूपेशराय एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रदर्शन भाई बद्री चौकसे द्वारा किए किए जाने के उपरांत स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया इस अवसर पर किशोर राय गिरीश जायसवाल सुरेशराय राजेंद्र राय गिठ्ठल मनीष जैसवाल अनिल महाजन अशोक राय रविशेखर जैसवाल द्वारकाप्रसाद पैठिया विवेक महाजन प्रताप चौकसे मनीष राय हेमकुमार राय राधारमन राय बाबूलाल राय रामकुमार चौकसे जयसवाल आशीषराय रघुनाथ राय अनुराग राय सहित अनेक पदाधिकारी सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे

मां शारदा की पहाड़ी पर किया वृक्षारोपण

पनागर। युवा सेवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ग्राम पंचायत सुंदरपुर स्थित मां शारदा की पहाड़ी में संगठन के पदाधिकारी ने 200से अधिक पौधे रोपित किए। जिसमें आंवला, नीम, जामुन, गुलमोहर, अशोक, आम, सहतूत, सीताफल शामिल थे। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित भाई यादव ने अमर शहीदों को याद करते हुए युवाओं को वृक्षारोपण के लिए सहभागी बनने पर बल दिया व कर्तव्यपालन का प्रण लिया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण में स्वच्छ व सुदंर बनाने के लिए आप सभी आगे आए। वृक्ष हमें प्राणवायु देते है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगावे। पेड़-पौधे ही पर्यावरण के रक्षक हैं। इनके बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है। पर्यावरण संतुलन के लिए इनका होना बेहद अनिवार्य है।पेड़ न केवल हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी सुंदर बनाते हैं।

पौधों की देखरेख के लिए माली नियुक्त

ग्राम पंचायत सुंदरपुर में रोपित हुए पौधों की देखरेख के लिए दो माली को नियुक्त किया गया। जिसमें उसका वेतन संगठन के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से दिया जाएगा। प्रांतीय अध्यक्ष सुमित यादव ने बताया कि वृक्षारोपण तो हर व्यक्ति कर लेता है, लेकिन उसके बाद वह वृक्ष देखभाल के अभाव में नष्ट हो जाता है जिसको दृष्टिगत रखते हुए संगठन की ओर से माली की नियुक्ति की गई हैं। कार्यक्रम मेंउपस्थित रहे समर्थ अवस्थी, मनोज यादव, कैलाश बाबा , अम्बिका पटेल, नारायण यादव, वंदना राकेश सिंह, रत्नेश साहू, सुरेश दुबे, बच्चा यादव धनराज साहू, सुशील यादव , रमेश यादव, संतोष कुशवाहा, अनिल यादव, विवेक महोबिया मीडिया प्रभारी, नानू यादव, रामसुजान दाहिया के साथ संगठन के सदस्य और छेत्रीय जन उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई स्वाधीनता की वर्षगांठ

डोभी यशभारत। आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस डोभी सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में धूम धाम से मनाया गया स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरियां निकाली गई। सभी शासकीय एवं प्राइवेट शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों ने ढोल नगाड़ों के साथ ग्राम के प्रमुख मार्गो पर गगन चुंबी जय घोष किया।स्वतंत्रता दिवस अमर रहे, के जय घोष के साथ एक विशाल रैली निकाली गई, जगह जगह ध्वजारोहण किया गया। मुख्य कार्यक्रम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ जहां जनपद सदस्य सूर्यकांत दिवगैंया द्वारा शाला का ध्वजारोहण किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इनके उत्साह वर्धन हेतु रिटायर्ड शिक्षक धनीराम पटेल द्वारा 11 सो रुपए की राशि सभी बच्चों को पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक गोठल पटेल द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जनपद सदस्य सूर्यकांत दिवगैंया द्वारा स्वाधीनता के मूल्यों को विस्तार से रेखांकित करते हुए शिक्षा के महत्व और विद्यालय की उचित व्यवस्थाओं को लेकर अपनी बात रखी।

भाजपा से महेंद्र नागेश को प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

गोटेगांव, यशभारत। बीजेपी के केंद्रीय नेतत्व ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की है जिसमें नरसिंहपुर की गोटेगांव विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नागेश को उम्मीदवार घोषित किए जाने पर समस्त शुभचिंतकों सहयोगियों कार्यकर्ताओं के साथ नगर देवता श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिरजी में पहुंचकर पूजन अर्चन आरती वंदन कर आशीर्वाद ग्रहण कर प्रसाद किया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नागेश एसटी एससी वर्ग से जिले के बड़े नेता माने जाते हैं उन्होंने अपनी विधानसभा उम्मीदवारी में नाम आने पर केंद्रीय नेतृत्व एवं शिवराज सरकार का आभार प्रकट कर भरोसा दिलाया हैकि वह जनता की उम्मीद पर खरा उतरेंगे इस बात को लेकर भी उन्होंने खुशी जताईकि स्थानीय कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाकर पार्टी नेतत्व ने उन्हें बड़ा मान दिया है और आगे की चुनावी रणनीति को लेकर उन्होंने कहाकि जो वरिष्ठ तय करेंगे उसी के आधार पर एक कार्यकर्ता के रूप में वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करेंगे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नागेश की गोटेगांव विधान सभा से उम्मीदवारी तय होने पर पूर्व विधायक हाकमसिंह चढ़ार पं.संतोष दुबे निधानसिंह पटेल पंकज चौकसे अनिल पटेल आशीष नेमा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों सहयोगियों शुभचिंतकों कार्यकर्ताओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं बधाई दी।

उमेश तिवारी होंगे नये नगर निरीक्षक

तेंदूखेड़ा यशभारत। विगत दिनों पुलिस विभाग में हुये व्यापक स्तर पर तबादलों में यहां पर पदस्थ नगर निरीक्षक का स्थानांतरण हो जाने के बाद तेंदूखेड़ा पुलिस थाने की कमान संभालने के लिए कयास लगाए जा रहे थे। बुधवार को नये नगर निरीक्षक के रूप में उमेश तिवारी ने आमद दे दी है। चूंकि श्री तिवारी तेंदूखेड़ा के लिए नये नहीं है बल्कि पूर्व में तेंदूखेड़ा में पदस्थ रह चुके हैं।

तेंदूखेड़ा विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ सम्पन्न

नरसिंहपुर यशभारत। भारतीय जनता पार्टी द्वारा तेन्दुखेड़ा कृषि उपज मंडी में विधानसभा तेन्दुखेड़ा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल के पूर्व सांसद आलोक संजर राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी नर्मदापुरम लोकसभा सांसद राव उदय प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा इंजी.अभिलाष मिश्रा सहित तेंदूखेड़ा विधानसभा के प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से विधानसभा के 230 मतदान केंद्र के बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख एवं विधानसभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम सर्वप्रथम विधानसभा में रहने वाले वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान शाल श्रीफल से किया गया । तदोप्रांत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेष का चहुंमुखी विकास किया है। भाजपा के शासन काल में हर वर्ग के लोगों की चिन्ता की गई है और उनका जीवन बदलने का कार्य किया है। आप सभी कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को जनता तक ले जाने का कार्य मजबूती के साथ करना है। क्षेत्रीय सांसद राव उदय प्रताप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की क्षेत्र में कोई एक ऐसा कांग्रेसी बताएं जो भाजपा सरकार की किसी भी योजना से कोई भी लाभ ना ले रहा हो, चाहे वह किसानों के लिए मिलने वाली बिजली में अनुदान हो या पीएम सम्मान निधि आयुष्मान कार्ड हो, लाडली बहना हो, लाडली लक्ष्मी हो, मुख्यमंत्री विवाह योजना हो। उन्होने विधानसभा के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए भाजपा शासन की योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की व आने वाले चुनाव में कार्यकर्ताओं को पार्टी को विजयश्री दिलवाने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा कि 2023 में हाने वाला विधानसभा चुनाव व 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव अति महत्वपूर्ण है। यह चुनाव देश की विकास यात्रा की दशा और दिषा को तय करेगा। केन्द्र व राज्य की गरीब कल्याण की योजनाओं से गरीब का जीवन बदल रहा है।

कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

नरसिंहपुर यशभारत। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बीते दिवस जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सोनोग्राफी रूम, प्रसव पूर्व कक्ष, ओपीडी, एनआरसी, आईसीयू, ब्लड बैंक, ट्रामा सेंटर आदि की स्थिति को देखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया।

यहाँ सोनोग्राफी के लिये आई गर्भवती महिलाओं का मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड देखा और उसमें गर्भवती महिला की प्रारंभ से लेकर अब तक हुई जाँचों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि डॉक्टर्स एवं नर्स द्वारा जब भी वार्ड में राउंड पर जायें, तो रिपोर्ट में मरीज की सारी जानकारी दर्ज हो। उन्होंने देवाकछार निवासी श्रीमती पुष्पा रजक से बातचीत की। उनकी रिपोर्ट देखने पर पाया कि उनका ब्लड टेस्ट तो हुआ है, किन्तु उसकी रिपोर्ट फाईल में संलग्न नहीं है। इस पर उन्होंने वार्ड प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रसुति सहायता एवं जननी सुरक्षा योजना का लाभ भी पात्र महिलाओं को दिलवाने निर्देश भी दिये।

इसके पश्चात कलेक्टर सुश्री बाफना ने एनआरसी पहुंचकर यहां भर्ती बच्चों को दिये जाने वाले नाश्ते एवं भोजन की जानकारी ली। उन्होंने एनआरसी में अपने बच्चे को लेकर आई श्रीमती चंचल चौधरी से भी चर्चा की। श्रीमती चंचल ने बातचीत के दौरान बताया कि उनके बच्चे का वजन कम था लेकिन एनआरसी में भर्ती करने के बाद यहां दिये जाने वाले पोषणयुक्त भोजन से बच्चे का वजन बढ़ा है। एनआरसी प्रभारी ने बताया कि अभी यहां 17 बच्चे भर्ती हैं। ब्लड बैंक के निरीक्षण में उन्होंने ब्लड बैंक प्रभारी को निर्देश दिये कि यहां पर उपलब्ध ब्लड यूनिट की स्पष्ट जानकारी प्रतिदिन बोर्ड पर लिखी हो। इसके अलावा दिव्यांग व्यक्तियों सर्टिफिकेट बनाने के लिए मेडिकल बोर्ड का दिवस व समय निर्धारित करें। मेडीकल बोर्ड के डॉक्टर्स का नाम और उनके कक्ष का भी स्पष्ट उल्लेख जांच पर्ची पर अनिवार्य रूप से हो। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डा. प्रदीप धाकड़, सिविल सर्जन डॉ. मुकेश जैन अन्य अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद था।

निर्वाचन कार्यों के लिए गठित किया गया कंट्रोल रूम

नरसिंहपुर यशभारत। विधानसभा आम निर्वाचन 2023- 24 के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में निर्वाचन कार्यों के सम्पादन एवं आम जनों की सुविधा के लिए कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के कक्ष क्रमांक 4 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का टेलीफोन नम्बर 07792- 230681 एवं टोल फ्री नम्बर 07792- 1950 है। कंट्रोल रूम के संचालन के लिये उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह ने डिप्टी कलेक्टर मनोज चौरसिया को नोडल अधिकारी एवं श्रीमती पूजा राय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी श्री चौरसिया का मोबाइल नम्बर 9425148474 है। कंट्रोल रूम के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आगामी आदेश तक ड्यूटी लगाई है। ये अधिकारी- कर्मचारी नोडल अधिकारी मनोज चौरसिया के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। कंट्रोल रूम में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे और दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक अधीक्षक भू-अभिलेख नरसिंहपुर सहायक नोडल अधिकारीद्ध श्रीमती पूजा राय को प्रभारी अधिकारी होंगी, इनका मोबाइल नम्बर 7566479767 है। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पटवारी भू-अभिलेखद्ध नरसिंहपुर संजय कौरव को प्रभारी अधिकारी होंगे, इनका मोबाइल नम्बर 9425833838 है। इसके अलावा सुबह 10 बजे से रात्रि 7 बजे तक विवेक सिंह निरीक्षक पिछड़ा वर्ग विधानसभा निर्वाचन शिकायत शाखा होंगे।

लक्ष्मी अग्रवाल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

करेली यशभारत। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल हाई स्कूल गोंगावली में ध्वजारोहण अग्रसेन शिक्षण समिति अध्यक्ष चौ. बृजमोहन दत्त अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, डांस, ड्रामा, भाषण प्रस्तुत किये। संगीत शिक्षक शिवम नौरिया द्वारा देश भक्ति गीत की अद्वितीय प्रस्तुति की गई। सभी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। मंच का संचालन ज्योति सेन, वंदना साहू एवं निकिता साहू द्वारा किया गया। डांस को कोरियोग्राफ उपमा कटारे एवं विशाखा चौरसिया द्वारा किया गया। अनिल पटेल द्वारा ओजपूर्ण भाषण प्रस्तुत दिया गया। आभार व्यक्त प्राचार्य ठा रज्जन सिंह लोधी ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष चौ बृजमोहन दत्त अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, सचिव हेमन्त राजपूत, कोषाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, सह सचिव कैलाश कौरव, सदस्य उमाशंकर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजेश सोनी, पीटी, अध्यक्ष बाबूलाल मेहरा, उपाध्यक्ष शेख अब्बास, विजय कौरव, अनिल पटेल, रोहित कौरव, पप्पू शर्मा, अनिल श्रीवास्तव सहित अभिभावक गण, स्कूल प्राचार्य ठा रज्जन सिंह लोधी, दीपक अग्रवाल, रामेती विश्वकर्मा, ज्योति सेन, दीक्षा लोधी, शगुफ्ता अंजूम, शिखा तिवारी, राजकुमारी कौरव, वंदना साहू, शिवानी कौरव, अभिजीत मालवी, शिवम् नौरिया, अमित कोल, उपमा कटारे, रेखा पटेल, निकिता साहू, विशाखा चौरसिया एवं वैष्णवी सोनी उपस्थित रहे।

एनटीपीसी गाडरवारा में 77 वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के साथ मनाया गया

गाडरवारा(यशभारत)। एनटीपीसी गाडरवारा परियोजना में 77 वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कमलेश सोनी (मुख्य महाप्रबंधक) ने एनटीपीसी गाडरवारा के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री कमलेश सोनी ने केन्द्रीय औधोगिक सुरक्षा बल के गार्ड ऑफ़ ऑनर की सलामी ली व परेड का निरीक्षण किया तथा समारोह स्थल पर उपस्थित सभी अधिकारीगण को संबोधित किया और 77 वें स्वाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि ÷आज का दिन आधुनिक भारत के निर्माण में बुनियाद के प्रथम ईट की तरह हैद्ध आज का दिन अपने उन वीरों और शहीदों को नमन करने का है जिनके त्याग और बलिदान से आज़ादी का अमृतफल प्राप्त हुआ हैद्ध हमारे पूर्वजों के संघर्ष और त्याग ने हमें एक महत्वपूर्ण सीख दी है कि- समर्पण, साहस, और बलिदान से कठिन से कठिन लक्ष्य को भी पाया जा सकता है।

एनटीपीसी उर्जा और विद्युत क्षेत्र में भारतवर्ष की प्रगति का आधार स्तम्भ है। एनटीपीसी आज कुल 73024 रूड्ड की स्थापित क्षमता के साथ राष्ट्र की सबसे विशाल एवं गौरवशाली संस्थाओ में से एक है7 हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारी ऊर्जा संसाधनों का सही तरीके से उपयोग हो और हम नई तकनीकों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते रहें। कमलेश सोनी, मुख्य महाप्रबंधक (एनटीपीसी गाडरवारा)कार्यक्रम में बाल भारती पब्लिक स्कूल व् बाल भवन के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से प्रेरित समूह गान तथा नृत्य प्रस्तुत किए.

इसके अलावा एनटीपीसी गाडरवारा के पुनर्वास व पुनरस्थापन विभाग द्वारा सभी परियोजना प्रभावित ग्रामों के सभी विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें सभी छात्र-छात्रों मनोबल बढ़ने हेतु मिठाइयां वितरित की गयी.इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक के साथ-साथ विभिन्न विभाग अध्यक्ष व अन्य कर्मचारी एवं अधिकारीगण अपने परिवार और बच्चों के साथ उपस्थित रहे ।

श्याम दगानी, (अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन) ने धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी को 77 वें स्वतंत्रता दिवस शुभकामनाएं दीं और स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन में उनके प्रयासों के लिए अवनी महिला मंडल, इन्फिनिटी क्लब, बाल भारती पब्लिक स्कूल व् बाल भवन और अन्य सभी हितधारकों को धन्यवाद दिया ।

मुरलीधर विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

गोटेगांव, यशभारत। स्थानीय बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय एवं शिशु बाल मंदिर में स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई सर्वप्रथम प्रातः 8:15 पर शिशु बाल मंदिर विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक बाल शिक्षा समिति मा.डॉ गौतम भद्र मा.सिंघई अनिल जैन विशेष सानिध्य सिंघई पंकज जैन अध्यक्ष बाल शिक्षा समिति एवं समारोह अध्यक्ष माननीय आनंद अग्रवाल व्यवस्थापक शिशु बाल मंदिर दानागंज विशिष्ट अतिथि एड.अशोक अलाटे विनोद तिवारी उपाध्यक्ष बाल शिक्षा समिति अजीत खरया उपाध्यक्ष बाल शिक्षा समिति बी डी सोनी सचिव बाल शिक्षा समिति शिवाजीत ताम्रकार कोषाध्यक्ष बाल शिक्षा समिति संजय सिंघवी एवं संजय जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया इसके पश्चात नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अर्चना जैन एवं रितु दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर से आए गणमान्य जनों में नंदिता गौतमभद्र निधि अग्रवाल रिचा जैन तृप्ति ताम्रकार रश्मि जैन रूपल जैन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर उपस्थित रहीं। शिशु बाल मंदिर के व्यवस्थापक ने अपने उद्बोधन में सभी बालकों को यह भरोसा दिलाया कि हम विद्यालय में लगातार विद्यार्थियों के हित में नए आयाम लाते रहेंगे एवं कोशिश करते रहेंगे कि किस प्रकार से हमारे विद्यार्थियों का शारीरिक मानसिक एवं वैज्ञानिक विकास हो इसके लिए पूरी बाल शिक्षा समिति अपना शत-प्रतिशत विद्यालय को समर्पित करेंगे और विद्यालय को ऊंचाइयों तक ले जाएंगे कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाएं प्रधान पाठक कमलेश नामदेव द्वारा की गई तत्पश्चात सर्वोत्कृष्ट संस्था श्रीदेव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्यअतिथि मा.डॉ.गौतमभद्र जी मा.अनिल जैन अध्यक्ष पंकज जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में निजामसिंह राठौर रमेशचंद जैन तोडल प्रसाद ताम्रकार राकेश पचौरी दिनेश खजांची संदीप जैन अनिल अग्रवाल कमलेश पाठक गोविंदसिंह पटेल रुपेश सराफ द्वारा सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया,

तद्उपरांत सामूहिक राष्ट्रगीत का गायन करने के उपरांत एनसीसी के छात्रों द्वारा गॉड ऑफ ऑनर देकर एनसीसी के छात्रों एवं स्काउट गाइड द्वारा मार्च पास्ट कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई इस मौके पर एनसीसी अधिकारी राहुल नामदेव पीटीआई उमाकांतसिंह राजपूत एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में अतिथियों का स्वागत वंदन किया इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित पार्षद मनीष जैन एवं राजा ठाकुर का भी सम्मान के साथ ही विद्यालय में नवीन स्टेज पर मां सरस्वतीजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई साथ ही विद्यालय के संस्थापक डॉ रणजीतदत्त जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन बाल शिक्षा समिति सचिव बी डी सोनी व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आलोक नेमा संजय दुबे एवं उपप्राचार्य संदीप जैन द्वारा किया गया विद्यालय के प्राचार्य शिव शंकर पाठक द्वारा विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देकर उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की महत्ता के बारे में विद्यार्थियों को जानकारियां दी कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाएं सुपरवाइजर दीपक कुशवाहा द्वारा की गई उल्लेखनीय है कि स्वतंत्र दिवस के अवसर पर लगातार दो घंटे एक से बढ़कर एक शानदार देश प्रेम के शिक्षाप्रद कार्यक्रमों की प्रस्तुति देखकर मुख्यअतिथि मा.न्यायाधीश बाबी सोनकर जी एवं अतिथियों द्वारा सराहना की गई।

वर्ल्ड कप जीतने को लेकर गंभीर है बीसीसीआई कोच राहुल द्रविड़-जय शाह की 2

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम बीते 12 साल से कोई वर्ल्ड कप खिताब नहीं जीत पाई है. इस साल यह टूर्नामेंट उसके घर में ही खेला जाना है. ऐसे में टीम इंडिया यहां जीत दर्ज करने को बेताब है. वैसे भी वनडे वर्ल्ड कप के पिछले तीन खिताब मेजबान टीमें ही जीत रही हैं. ऐसे में टीम इंडिया भी इस बार यह परंपरा कायम रखने का जोर लगाएगी. हालांकि इस टूर्नामेंट से पहले उसके सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं. ऋषभ पंत, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी चोटिल होकर जूझ रहे हैं. राहुल जल्दी ही वापसी कर सकते हैं लेकिन अय्यर का वर्ल्ड कप से पहले फिट होना अगर-मगर में फंसा है, जबकि कार एक्सीडेंट में चोटिल हुए विकेटकीपर बल्लेबाज पंत इस वर्ल्ड कप में नहीं खेल पाएंगे. दूसरी ओर जसप्रीत बुमराह करीब 1 साल बाद टीम इंडिया में वापसी कर रहे हैं.

चोटिल खिलाड़ियों की रिप्लेसमेंट चिंता

ऐसे में चीफ कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा की जोड़ी इन खिलाड़ियों की जगह दूसरे युवा चेहरों को फिट करने की कोशिश में हैं. लेकिन अभी तक के प्रदर्शन से उन्हें राहत मिलती नहीं दिख रही है. इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव जय शाह (Jay Shah) और टीम के चीफ कोच राहुल द्रविड़ (Rahul Dravid) ने वर्ल्ड कप मिशन को लेकर अमेरिका में दो घंटे लंबी मीटिंग की है.

जय शाह से मिलने गए द्रविड़

बताया जा रहा है कि चीफ कोच राहुल द्रविड़ इस मीटिंग के लिए जय शाह के होटल में पहुंचे. भारतीय टीम मियामी के मेरियट होटल में ठहरी थी, जबकि सचिव जय शाह अपनी निजी यात्रा पर थे और वह किसी दूसरे होटल में रुके थे. द्रविड़ ने वहीं जाकर यह मीटिंग की. बाद में जय शाह को सीरीज के 5वें और अंतिम टी20 मैच का लुत्फ लेते देखा गया था.

वर्ल्ड कप योजनाओं पर मीटिंग

माना जा रहा है कि इस मीटिंग में दोनों के बीच एशिया कप और वर्ल्ड कप की योजनाओं के लेकर विस्तार से बात हुई है. दरअसल भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेल रही थी. सीरीज के अंतिम दो मैच फ्लोरिडा में खेले गए. क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन दो मैचों से पहले द्रविड़ और शाह ने मियामी के एक होटल में यह मुलाकात की. सीरीज के अंतिम दो मैच फ्लोरिडा के लॉडर हिल में 12 और 13 अगस्त को खेले गए थे. टीम इंडिया यह सीरीज 2-3 से हार गई.

मीटिंग के एजेंडे में वर्ल्ड कप

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और चीफ कोच राहुल द्रविड़ के साथ सात समंदर पार इस बैठक को हल्के में नहीं लिया जा रहा है. भारत को अब एशिया कप और वर्ल्ड कप जैसे दो टूर्नामेंट में भाग लेना है और माना जा रहा है कि इन दोनों के बीच इन दोनों टूर्नामेंट में टीम की रणनीति, खिलाड़ियों की फिटनेस पर चर्चा हुई हो. हालांकि अभी तक यह आखिर क्या बात हुई थी लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि एशिया कप और वर्ल्ड कप ही इस मीटिंग का केंद्र बिंदु थे.

क्या टीम इंडिया को मिलेगा कोई मेंटॉर!

कुछ जानकार यह भी इशारा कर रहे हैं कि संभवत-एशिया कप और वर्ल्ड कप के लिए टीम को कोई नया मेंटॉर मिल सकता है. जैसे टी20 वर्ल्ड कप 2021 में तत्कालीन चीफ कोच रवि शास्त्री की मदद के लिए एमएस धोनी को मेंटॉर के तौर पर उतारा गया था. इस बार भी बोर्ड की ऐसी कोई रणनीति हो सकती है.

विंडीज सीरीज के बाद शुभमन गिल की लंबी छलांग

नई दिल्ली, एजेंसी। टेस्ट और वनडे में खराब प्रदर्शन के लिए आलोचना झेल रहे टीम इंडिया भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी ताजा आईसीसी पुरुष टी20 प्लेयर रैंकिंग में अपने करियर बेस्ट 25वें स्थान पर पहुंच गए. आईसीसी ने ताजा टी20 रैंकिंग जारी की है. टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की टी20 रैंकिंग में भारी उछाल आया है. उन्होंने 43 स्थानों की छलांग लगाते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दर्ज की है. आईसीसी ने यह रैंकिंग वेस्टइंडीज और भारत के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज के बाद जारी की जिसे वेस्टइंडीज ने 3-2 से जीता था. 23 साल के गिल पांच मैचों की सीरीज के आखिरी दो टी20 मैचों में 77 और 9 के स्कोर के बाद 43 स्थान ऊपर पहुंच गए हैं. इस फॉर्मेट में उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 30वां स्थान थी, जो उन्होंने फरवरी में हासिल की थी, जब उन्होंने अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 126 रन बनाकर टी20 में भारत का सर्वोच्च स्कोर दर्ज किया था. गिल के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल जिनके साथ उन्होंने चौथे मैच में 165 रन जोड़े थे, वो 88वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

फैन्स के आगे झुका पीसीबी हुआ गलती का अहसास, नए वीडियो में लौट आए इमरान

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर क्रिकेट की कुछ खास उपलब्धियों को एक खास वीडियो में इकट्ठा कर सोशल मीडिया पर शेयर किया था. लेकिन जब क्रिकेट फैन्स ने इस वीडियो को देखा तो उनके होश उड़ गए. इस पूरे वीडियो में उसके महान क्रिकेटर इमरान खान मौजूद नहीं थे. इसके बाद फैन्स ने पीसीबी को इस हरकत पर आड़े हाथों लिया और उसे जमकर ट्रोल कर दिया. वीडियो जारी करने के कुछ ही देर बाद ट्विटर पर 'शेम ऑन पीसीबी' ट्रेंड करने लगा. इसके बाद कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी इमरान खान को नहीं दिखाने पर पीसीबी की आलोचना की. वसीम अकरम जैसे दिग्गज क्रिकेटरों ने खुलकर नाराजगी जताई. इस आलोचना के बाद पीसीबी ने एक नया वीडियो जारी कर फैन्स को शांत करने की कोशिश की है. नए वीडियो में इमरान खान के वीडियो क्लिप्स को शामिल किया गया है. जिसमें वह बैटिंग बॉलिंग करते दिख रहे हैं और इसके अलावा वह 1992 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी को भी उठाते दिख रहे हैं.

पीसीबी ने इमरान खान की झलकियों के साथ नया वीडियो अपलोड करते हुए अपनी सफाई भी पेश की है. उसने लिखा, 'पीसीबी ने क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 को ध्यान में रखते हुए एक प्रमोशनल कैम्पेन लॉन्च किया था. इस कड़ी में एक वीडियो में 14 अगस्त 2023 को अपलोड किया गया. इसकी लेंग्थ के कारण वीडियो को छोटा किया गया, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण क्लिप्स छूट गए. इसे अब सुधार लिया गया है और इसका पूरा वीडियो यहां है.' इससे पहले जब पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने 14 अगस्त को जारी किए वीडियो को देखा तो उनके भी होश उड़ गए थे. उन्होंने इसे अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका करार दिया था. अकरम ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने एक ट्वीट में लिखा, 'श्रीलंका पहुंचने से पहले लंबी उड़ानों और कई घंटों के ट्रेवल के बाद, मुझे अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका तब लगा, जब मैंने महान इमरान खान को छोड़कर पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास पर पीसीबी की छोटी क्लिप देखीज राजनीतिक मतभेद अलग हैं लेकिन इमरान खान विश्व क्रिकेट के नायक हैं और अपने समय में पाकिस्तान को एक मजबूत इकाई के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिखायाज पीसीबी को वीडियो डिलीट कर देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए.'

इमरान खान को आज भी लोग पाकिस्तान का क्रिकेट हीरो मानते हैं. उन्हें पाकिस्तान के सबसे बेहतरीन क्रिकेटर और खेल के महानतम ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है. उन्होंने 1992 में एमसीजी में पाकिस्तान को पहला वर्ल्ड कप जिताया. इसके बाद वह राजनीति में आ गए, जहां उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी बनाई और 2018 के आम चुनाव जीतकर वह पहली बार अपने देश के प्रधानमंत्री बने. इमरान ने पिछले साल अप्रैल 2022 तक यह पद संभाला. इसके बाद उनकी सरकार ने बहुमत खो दिया, जिसके चलते उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा. वह इन दिनों भ्रष्टाचार के एक मामले में जेल में 3 साल की सजा काट रहे हैं.

प्लेइंग इलेवन में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज होना जरूरी

नई दिल्ली, ईएमएस। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि एशिया कप और उसके बाद स्वदेश में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए शीर्ष सात बल्लेबाजों में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाज रखने से भारतीय टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी. शास्त्री ने कहा कि ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के अलावा भारत बाएं हाथ के दो और बल्लेबाजों को टीम में रख सकता है. शास्त्री ने विकेटकीपर के रूप में ईशान किशन की सिफारिश की क्योंकि वो काफी समय से भारतीय वनडे स्क्वाड का हिस्सा रहे हैं. किशन के अलावा मैनेजमेंट तिलक वर्मा या यशस्वी जयसवाल में से किसी एक को शामिल करने पर विचार कर सकता है. उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''बल्लेबाजी क्रम में तीन और स्पॉट है जहां मुझे लगता है कि बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों को रखना चाहिए. यहीं पर चयनकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि वे खिलाड़ियों पर नजर रखे हुए हैं. वे जानते हैं कि कौन सा खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में है. अगर तिलक वर्मा अच्छी फॉर्म में है तो उसे टीम में जगह दो. अगर आपको लगता है कि (यशस्वी) जायसवाल अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तो उसे टीम में चुनो.'' दाएं हाथ के दो बल्लेबाजों केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के चोट से उबरने के बाद 31 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में वापसी करने की संभावना है और ऐसे में टीम मैनेजमेंट के लिए प्लेइंग इलेवन में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों को रखना मुश्किल होगा।

पहली बार एशिया कप में खेलेगा नेपाल

नई दिल्ली, ईएमएस। पड़ोसी देश नेपाल ने पहली बार एशिया कप के लिए क्वॉलीफाई किया है. वह इस बार पाकिस्तान और श्रीलंका में आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट में शिरकत के लिए तैयार हैं, जहां वह मुल्तान में मेंजबान पाकिस्तान के खिलाफ इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खेलेगा. उसे ग्रुप में भारत और पाकिस्तान के साथ जगह मिली है. अपने वनडे करियर में नेपाल ने अब तक सिर्फ 57 मैच ही खेले हैं, जिसमें 30 में उसे जीत और 25 में हार का सामना करना पड़ा है. इसके अलावा 1 मैच टाइ और 1 अन्य बिना किसी नतीजे के समाप्त हुआ. नेपाल अब तक आईसीसी के तीन ही ऐसे देशों के खिलाफ वनडे क्रिकेट खेला है, जो आईसीसी के फुल मेंबर हैं. यानी कि वे देश जो टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों फॉर्मेट खेलते हैं. ये देश हैं- आयरलैंड, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज. इन देशों के खिलाफ भी नेपाल हाल ही में जिम्बाब्वे में आयोजित हुए वर्ल्ड कप क्वॉलीफायर्स मैचों में खेला था. तीनों देशों के खिलाफ उसे हार मिली. नेपाल अब तक इस मामले में कुछ खुशनसीब है क्योंकि उसका लोएस्ट टोटल अभी तक तीन अंकों में है. वह पिछले साल मार्च 2021 में ओमान के खिलाफ दुबई में सिर्फ 103 रन बनाकर ऑलआउट हुआ था. वनडे फॉर्मेट में यह उसका सबसे कम स्कोर है. वनडे फॉर्मेट में नेपाल के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले 5 बल्लेबाजों की बात करें।

पहली बार भारत और पाकिस्तान से भिड़ेगा नेपाल

लेकिन हाल ही अपने वनडे क्रिकेट करियर की शुरुआत करने वाले नेपाल ने इस फॉर्मेट में अपने लिए कुछ खास मुकाम भी छुए हैं. एशिया कप में हिस्सा ले रहीं बाकी 5 टीमों के खिलाफ उसकी पहली ही भिड़त होगी. लेकिन इसके लिए उसे ग्रुप मैचों की बाधा पार करनी होगी. क्योंकि ग्रुप में उसे भारत और पाकिस्तान से भिड़ने का मौका मिलेगा. अगर वह सुपर 4 में पहुंच जाता है तो फिर उसे अफगानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका में से किन्हीं और दो टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा

असोसिएट्स देशों के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड

नेपाल अभी खुद भी ICC की असोसिएट्स देशों की लिस्ट में है और यहां उसका रिकॉर्ड बेहतर है. इस श्रेणी के देशों के खिलाफ उसने 54 मैच खेलकर 30 में जीत, जबकि 22 में हार मिली है. यहां एक मैच टाई और एक मैच बिना रिजल्ट के खत्म हुआ है.

तीन द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीतीं

नेपाल ने अब तक तीन देशों के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज जीती है. उसने नीदरलैंड्स, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और पपुआ न्यू गिनी को मात दी है.

वनडे में एक ही बार 300 का आंकड़ा पार

इस फॉर्मेट में नेपाल की टीम ने अब तक एक ही बार 300 रन का आंकड़ा पार किया है, जब इस साल अप्रैल में उसने अपने घरेलू मैदान कीर्तिपुर में ओमान के खिलाफ 310 रन बनाए थे. इसके अलावा रनों का पीछा करते हुए उसने सर्वाधिक 287 रन बनाए हैं. यह स्कोर भी उसने कीर्तिपुर में नामीबिया के खिलाफ फरवरी 2023 में अपने नाम किया था।

रंग संसार

राहा के जन्म के बाद रणबीर से चेक करवाई थी बेटी की पलकें आलिया

मुंबई, एजेंसी। इन दिनों आलिया भट्ट अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर चर्चाओं में बनी हुई है. इसके साथ ही एक्ट्रेस साल 2022 में रणबीर कपूर से शादी की थी और शादी के 7 महीनों बाद ही उन्होंने अपनी बेटी राहा को जन्म दिया और दोनों कपल को पेरेंटहुड एन्जॉय करते हुए और उसके बारे में बात करते हुए देखा जाता है. हाल ही में आलिया भट्ट ने अपने मेकअप रूटीन की बात की. उन्होंने बताया कि उनकी पलकें कुछ खास अच्छी नहीं हैं लेकिन उनके पति की पलकें काफी खूबसूरत हैं. इस बातचीत के दौरान आलिया भट्ट ने इस बात का खुलासा भी किया कि उन्होंने बेटी राहा को जन्म देने के बाद पहला काम रणबीर कपूर से क्या करवाया था. इसके साथ अपनी डेली रूटीन के बारे में भी बताया एक्ट्रेस का ये इंटरव्यू उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है.

आलिया ने रणबीर से चेक कराई थी बेटी की पलकें

एक्ट्रेस आलिया भट्ट का वोग को दिए इंटरव्यू के दौरान उन्होंने स्किन और मेकअप रुटीन के बारे में बताया. इस दौरान आलिया अपनी पलकें कर्ल करती नजर आईं. इसके बाद उन्होंने बताया कि बेटी राहा के जन्म के बाद आलिया भट्ट ने अपने हस्बैंड रणबीर कपूर से कहा था कि वो चेक करें कि राहा की पलकें बड़ी हैं या नहीं. जिसके बाद उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की पलकें उनपर ना जाकर बल्कि उनके पापा पर गई है. आलिया ने कबूल किया कि उनकी पलकें अपने पति रणबीर की तरह लंबी और प्यारी नहीं हैं.

राहा की पलकें बड़ी हैं

एक्ट्रेस ने इंटरव्यू में आगे बात करते हुए कहा, आलिया ने कहा, ÷मेरे पास अपने पति की तरह सुंदर और लंबी पलकें नहीं हैं. उनकी पलकें सुंदर और लंबी हैं और फिर जब मेरी बेटी का जन्म हुआ, तो मैंने कहा (रणबीर से) 'उसकी आंखों को देखो, क्या उसकी पलकें लंबी हैं

जब महमूद के पैरों में गिर पड़े थे अमिताभ बच्चन, कहा था मुझसे मत करवाइए ऐसा

मुंबई, एजेंसी। फिल्म इंडस्ट्री के सबसे पुराने सुपरस्टार अमिताभ बच्चन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं. वो अपनी आवाज, एक्टिंग और अंदाज के करोड़ों लोगों को अपना दीवाना बना चुके हैं. बिग बी अक्सर अपने लाइफ से जुड़े सभी अपडेट फैंस को देने के लिए सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं. वहीं उनकी फैन फॉलोविंग भी काफी तगड़ी है लेकिन बिग बी के जमाने के एक्टर्स में एक एक दिक्कत थी. उनकी एक्टिंग, अंदाज और आवाज बेहद शानदार और यूनीक थी लेकिन उस दौर में शायद ही कोई ऐसा एक्टर होगा जो अच्छा डांस कर पाता हो. इसी से जुडी अमिताभ बच्चन के लाइफ से जुड़े किस्सा बताने वाले हैं, जब उन्होंने घबराकर खुद को कमरे में बंद कर लिया था और बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर महमूद के सामने गिड़गिड़ाने लगे थे. एक्टर के इस गिड़गिड़ाने के पीछे की वजह जानकार उनके फैंस और आपके होश उड़ जाएंगे. बिग बी ने इसलिए पकड़ लिए महमूद के पैर महमूद के कहने के अनुसार अमिताभ को नाचना ही था. अमिताभ ने शूटिंग में जैसे ही नाचना शुरू किया तो सेट पर मौजूद कई लोग हंसने लगे. अमिताभ को बहुत शर्मिंदगी हुई. अमिताभ ने इतना कुछ सोच लिया कि उनको बुखार आ गया और वो अपने रेस्ट रूम में जाकर लेट गए. ऐसे में जब महमूद बिग बी के कमरे में पहुंचे तो महमूद को देखते ही वह खड़े हो गए, उन्हें लगा ये फिर से मुझे डांस करने के लिए मजबूर करेंगे. जब महमूद अंदर गए तो अमिताभ बच्चन उनके पैरों में गिर गए और रोने लगे. अमिताभ बच्चन ने रोते हुए ही महमूद से कहा कि 'भाई जान मुझसे नहीं हो पाएगा ये डांस-वांस'. जिसके बाद उन्होंने कहा कि सुनो, जो अपने पैरों से चल सकता है वो डांस भी कर सकता है।

बॉम्बे टू गोवा में अमिताभ को जब करना पड़ा डांस

साल 1972 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी थी और इस फिल्म के निर्माता और निर्देश महमूद अमिताभ बच्चन को काफी पसंद भी करते थे. महमूद कहते थे कि अमिताभ बच्चन की आवाज से ज्यादा उनकी आंखे बोलती हैं. वो उनकी एक्टिंग के कायल तो थे लेकिन डांसिंग के मामले में उन्हें बिल्कुल भोंदू मानते थे.पहली बार जब अमिताभ बच्चन को फिल्म बॉम्बे टू गोवा में लीड कैरेक्टर में कास्ट किया गया तो ये उनके लिए खुद को साबित करने की चुनौती भी थी. बॉम्बे टू गोवा कीनंबर आया गाने हाय रे देखा ना, हाय रे सोचा ना के शूटिंग में डांसिंग को लेकर अमिताभ बच्चन काफी असहज महसूस कर रहे थे.

महमूद ने अमिताभ को डांस करने पर किया मजबूर

महमूद ने अमिताभ से कहा कि डांस तो करना ही पड़ेगा आपको तुम्हें जैसा भी नाचना आए नाचो, कोई नहीं हंसेगा. इसके बाद महमूद अपने सेट पर आए और उन्होंने सेट पर भी सबको हिदायत दे दी कि जैसे अमिताभ नाचेंगे उसे रिकॉर्ड कर लेना. कोई हंसेगा नहीं बल्कि तालियां बजाकर उनका मनोबल बढ़ाएगा. हुआ भी ऐसा ही. जब वह गाना रिलीज हुआ तो सुपरहिट साबित हुआ. अमिताभ के डांस को भी खूब तालियां मिलीं. अमिताभ की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और फिल्म ने उनके करियर को नई गति दी थी.

अक्षय कुमार को न मिलती इंडियन सिटिजनशिप तो जानिए क्या होता

मुंबई, एजेंसी। स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर एक्टर अक्षय कुमार के फैंस के लिए एक खुशखबरी है. अक्षय कुमार को भारतीय नागरिकता मिल गई है. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर से जानकारी साझा की है और इस खबर ने उनके फैंस को खुश होने का खास मौका दिया है. बता दें कि कनाडा की नागरिकता से पहले भी अक्षय के पास भारत की नागरिकता था. कनाडा की नागरिकता के चलते अक्षय कुमार को लोग कैनेडियन कुमार कहकर ट्रोल करते थे, लेकिन अब अक्षय ने भारतीय नागरिक बनकर इन सब पर विराम लगा दिया है. ऐसे में आइए जानते हैं कि अब खिलाड़ी कुमार को भारत के नागरिक बनने के बाद क्या-क्या फायदे होंगे.

एक्टर अक्षय कुमार ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर जानकारी दी कि उन्हें भारत की नागरिकता मिल गई है. अब तक अक्षय कुमार के पास कनाडा की नागरिकता थी, अब वह वापस भारत की नागरिकता पाकर बेहद खुश हैं. एक्टर ने नागरिकता दस्तावेज की एक तस्वीर साझा की है. इसके साथ लिखा है, 'दिल और सिटीजनशिप दोनों हिंदुस्तानी. स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं. जय हिंद'. अक्षय को भारत सरकार के अधीन गृह मंत्रालय द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र दिया गया है. दस्तावेज के मुताबिक, अभिनेता को नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 5(1)(जी) के तहत भारतीय नागरिकता दी गई है.

तीन साल बाद मिली भारतीय नागरिकता

अक्षय कुमार को साल 2011 में कनाडाई संघीय चुनाव के बाद वहां की कंजरवेटिव सरकार द्वारा कनाडा की नागरिकता मिली थी. दिसंबर साल 2019 में अक्षय कुमार ने भारतीय पासपोर्ट के लिए आवेदन दिया था और कहा था कि वो अपनी कनाडाई नागरिकता छोड़ने वाले हैं. आवेदन के 3 साल बाद उन्हें भारतीय नागरिकता मिल गई. अक्षय ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि 'मैंने सोचा कि मेरी फिल्में नहीं चल रही हैं और एक तो करना है। मैं वहां काम के लिए गया था. मेरा दोस्त कनाडा में था और उसने कहा कि यहां आओ, जिसके बाद मैंने आवेदन कर दिया और मुझे नागरिकता मिल गई. मेरी बस दो फिल्में रिलीज होनी बाकी थी. किस्मत से दोनों ही सुपरहिट हो गई. मेरे दोस्त ने कहा कि वापस जाओ और फिर से काम करना शुरू करो. इसके बाद मुझे काम मिलता चला गया. मैं भूल गया कि मेरे पास कनाडा का पासपोर्ट है. इस पासपोर्ट को बदलवाने का विचार कभी नहीं आया, लेकिन अब मैंने अपना पासपोर्ट बदलवाने के लिए आवेदन कर दिया है.'

अब खिलाड़ी के पास होंगे ये अधिकार

नागरिकता किसी विशेष देश या राज्य की सदस्यता को कहा जाता है. किसी भी देश के नागरिकता प्राप्त नागरिक को अपने कुछ कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करना होता हैं. नागरिकता के बदले में व्यक्ति को उस देश में स्वतंत्रता से रहने का अधिकार, सुरक्षा और बहुत सी अन्य सुविधाएं दी जाती हैं. नागरिकता प्राप्त व्यक्ति को मिली जिम्मेदारियों और कर्तव्यों में सामुदायिक जीवन में राजनैतिक भागीदारी के साथ सक्रिय होना, मतदान का अधिकार मिलना।

महज 5 साल में सचिन ने जीता था नेशनल अवॉर्ड

मुंबई, एजेंसी। 'नदिया के पार' के एक्टर सचिन पिलगांवकर का 17 अगस्त को जन्मदिन है. इस फिल्म में सचिन गांव के सीधे-सादे लड़के चंदन का किरदार निभाया था. इस फिल्म से सचिन ने लोगों के दिलों में खआस जगह बनाई. सचिन बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं। अपनी सहज कलाकारी से सबके दिलों में जगह बनाने वाले सचिन आज यानी 17 अगस्त को अपना 65वां जन्मदिन मना रहे हैं. बच्चों से लेकर बड़ों तक के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले सचिन को फिर भी इंडस्ट्री में वैसी लोकप्रियता नहीं मिल पाई जिसके वह हकदार थे, लेकिन आज अभिनेता के इस खास दिन पर हम उनके जीवन से जुड़ी कुछ खास बताने जा रहे हैं. सचिन पिलगांवकर का जन्म 17 अगस्त 1957 को मुंबई में हुआ था, वह गोवा से ताल्लुक रखते हैं. उनके पिता शरद पिलगांवकर भी फिल्म प्रड्यूसर रहे हैं।

moviemagic
#Magically Refreshed
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
9:15 AM 10:15 AM
1:30 PM 3:30 PM
4:45 PM 6:30 PM
7:45 PM 9:30 PM
10:45 PM
M.I. 2D
Hindi 10 AM
BAIPAN BHAARI DEVA
MARATHI
12:30 PM
OPPENHEIMER 2D
English 7 PM
Hindi 1:15 PM 10:30 PM
BARBIE
ENGLISH
4:30 PM
SPECIAL OFFER
ENTIRE DAY ALL SHOWS AT JUST ₹ 95/-
ADVANCE BOOKING OPEN FOR GADAR 2
For Enquiry, Contact: 07612662222

Call for Booking 9755561144
Online Booking Visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
09:00 AM 12:15 PM 03:30 PM
04:00 PM 06:45 PM 07:15 PM
10:00 PM
OPPENHEIMER
09:00 AM 12:30 PM
10:30 PM
SR MALL Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

» न्यूज गैलरी

सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

जबलपुर, यशभारत। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने आज गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सर्व शिक्षा अभियान के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपयंत्रीवार निर्माण कार्यों की मौजूदा स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा कार्यों की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर शाला भवनों में स्थित मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्था करने की हिदायत भी दी। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक, सहायक यंत्री एवं सभी उपयंत्री उपस्थित थे।

ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

जबलपुर,यशभारत। संजीवनी नगर थानांतर्गत कछपुरा रेलवे ट्रेक के पास करीब 52 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

मूंग हेराफेरी का मामला

एसडीएम ने की संबोधि की अनुशंसा काम मिला अमर लता को

जबलपुर,यशभारत। मूंग खरीदी को लेकर सामने आ रहे मामलों में सबसे ज्यादा विवादित नाम सियाराम विहार हाउस का है। जहां अमर लता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा खरीदी की गई है। जहाँ आठ हजार क्विंटल मूंग की हेरा फेरी को लेकर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में अब एक नई बात और सामने आ रही है, जिसमें यश भारत को जानकारी मिली है कि उक्त वेयरहाउस में उपार्जन कार्य के लिए तत्कालीन एसडीएम सृष्टि प्रजापति द्वारा संबोधी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की अनुशंसा बनाकर कलेक्ट्रेट भेजी गई थी। लेकिन जिला मुख्यालय में संबोधी का नाम हटाकर अमर लता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को काम दे दिया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि किस बड़े प्रशासनिक अधिकारी के दबाव में यह नाम बदल गया था।

यह है प्रक्रिया

उपार्जन के लिए जबलपुर जिले में संबंधित एसडीएम गोदाम और उसमें उपार्जन करने संबंधित फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी/ स्व सहायता समूह /सेवा सहकारी समिति की अनुशंसा बनाकर जिला मुख्यालय भेजते है। जहां से जिला उपार्जन समिति प्रस्ताव को भोपाल भेजती है। उसके बाद जिसे भी उपार्जन का काम दिया जाना होता है उसे ऑनलाइन मैप कर दिया जाता है।

राजनीतिक रसूख का मिला फायदा

यश भारत द्वारा पूर्व समाचार प्रकाशित किया गया था कि अमर लता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में भाजपा से जुड़े एक परिवार का सदस्य भी शामिल है। जिसके संपर्कों का फायदा उठाते हुए उक्त एफपीओ को बिना एसडीएम की अनुशंसा के काम दिलाया गया है। जिसमें जबलपुर के क्षेत्रीय नेताओं से इतर पड़ोसी जिले के प्रभावशाली बड़े नेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यशभारत फॉलोअप

प्रशासनिक अधिकारियों के दबाव में बदले गए एफपीओ के नाम भोपाल से जुड़े तार

> अब मैं एसडीएम सिहोरा नहीं हूं , जहां तक मुझे याद है मेरे द्वारा अमर लता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का नाम नहीं भेजा गया था। इस विषय में डीडीए कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। क्योंकि उस कार्यालय में ही सभी दस्तावेज है।
>
> **सृष्टि प्रजापति**
> **तत्कालीन एसडीएम**

मंडी के हैं रजिस्टर्ड व्यापारी, ऑक्शन में खरीदी है बड़ी मात्रा में मूंग

8 में से 4 एफपीओ के तार जुड़े हैं एक ही परिवार से

जबलपुर ,यशभारत। मूंग उपार्जन को लेकर जो 35 केंद्र बनाए गए हैं। उनमें से आठ केंद्रों में उपार्जन का कार्य फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को दिया गया है। जिन 8 फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को यह काम दिया गया है उसमें से 4 कंपनियों के तार एक ही परिवार के लोगों से जुड़ते दिख रहे हैं। जानकारी के मुताबिक संदीप दुबे और सचिन दुबे नाम के दो भाइयों द्वारा लगभग एक दर्जन एफपीओ चलाए जा रहे हैं। जिनमें से चास कंपनी को मूंग में काम दिया गया था।

4 में से 2 कंपनी सिहोरा क्षेत्र में उपार्जन का काम कर रही हैं वही तो कंपनी पाटन क्षेत्र में उपार्जन का काम कर रही है। इसमें एक सबसे बड़ी बात यह है कि उक्त परिवार के सदस्यों के नाम पर कृषि उपज मंडी जबलपुर में रजिस्टर्ड लाइसेंस है। जिनके माध्यम से इन्होंने पिछले कुछ दिनों में जमकर किसानों की मूंग ओपन ऑक्शन में खरीदी गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि यह मूग इनके स्टॉक में मौजूद है या इन्होंने दूसरे व्यापारियों को बेच दी है या फिर मूग में मिट्टी मिलाकर गोदामों में जमा की गई है, इसकी जांच होनी चाहिए।

ये है फर्म

श्री बलदाऊ एग्रो फूड्स- संदीप - सचिन दुबे
शोर्य ट्रेडर्स- रंजना दुबे पत्नी संदीप दुबे

कहां रखी है मूंग

इस पूरे मामले में सवाल उठता है कि संदीप दुबे और सचिन दुबे की फर्म द्वारा मंडी के ओपन ऑप्शन से जो मूंग खरीदी गई है वह उनके द्वारा कहां स्टॉक करके रखी गई है या फिर किन व्यापारियों को बेची गई है। इसकी जांच होनी चाहिए। क्योंकि प्रदेश में मूंग को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा स्टॉक कैप लगाया गया है। जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारी कभी भी स्टॉक चेक कर सकते हैं। स्टॉक का सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि जिन फर्मों द्वारा मंडी में किसानों से ओपन ऑक्शन में मूंग खरीदी गई है उन फर्मों के प्रोपराइटर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मूंग उपार्जन के चार संेटरों में अफपीओ के माध्यम से खरीदी कर रहे है।

यह है एफपीओ

बेगमगंज सीड्स प्रोड्यूसर कंपनी	-	श्री राज वेयरहाउस
शेरपुर कृषक प्रोड्यूसर कंपनी	-	मां रेवा वेयर हाउस
ग्यारसपुर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी	-	सिंह वेयर हाउस
शिप्रा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी	-	अनुश्री वेयर हाउस

देखी- अनदेखी

नियुक्ति पर कई सवाल........ कुर्सी हथियाने विरोधी आजमा रहे दांव-पेंच

विवेक दुबे

शहर को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने बीड़ा उठाने वाला लाल बिल्डिंग का एक विभाग फिर से सुर्खियों में है। चर्चा का कारण एक साहब की नियुक्ति है। साहब की नियुक्ति पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं इसके बावजूद वह अपने अधीनस्थों को आंख दिखाने से बाज नहीं आ रहे हैं। शिकायतें कई बार हुई पर साहब की एप्रोच इतनी तगड़ी है कि उनका आज तक तबादला तक नहीं हुआ है। चर्चा यह है कि नियुक्ति पर इतने सारे सवाल और आरोप होने के बावजूद लाल बिल्डिंग के बड़े अधिकारी क्यों आंख बंद करके साहब से जिम्मेदार विभाग सौंपे बैठे हैं। साहब की चर्चा अगर लाल बिल्डिंग की चार दीवारों तक ही सीमित रहती तो सही था। लेकिन यह बात तो भोपाल मुख्यालय तक पहुंच गई है। जिसको लेकर वरिष्ठ अधिकारी भी थोड़े से अब हैरान दिख रहे हैं। देखा जा रहा है कि जिनके कहने पर साहब का सपोर्ट किया जा रहा था अब उनके सामने भी वरिष्ठ अधिकारी भोएं सिकोड़ने लगे हैं। उधर चर्चा है कि साहब के खिलाफ रिश्वत के मामले में लोकायुक्त में केस भी दर्ज है, इस लिहाज से उन्हें जो पद अभी दिया गया है वो नियमानुसार सही नहीं है और वे इसके हकदार भी नहीं है। हालांकि साहब के कारनामों का जखीरा कोर्ट से लेकर उनके मुख्यालय तक पहुंच चुका है और अब उनके विरोधी दिन-रात एक कर उनकी कुर्सी हथियाने में जुटे हुए हैं। ये बात अलग है कि साहब एप्रोच के दम पर कुर्सी में कई सालों से जमे हुए हैं। लाल बिल्डिंग परिसर में साहब की नियुक्ति पर पीठ पीछे कुछ अधिकारी और कर्मचारी भी गप्पे लगाने में मशहूर होते दिख रहे हैं लेकिन जब कैमरा आया तो ये सारी गप्पे शांत होती दिखीं। मामला और चर्चा जब जोन कार्यालयों में पहुंची तो खबर ने और तूल पकड़ लिया।

सर्पदंश से युवक की मौत

जबलपुर,यशभारत। बरेला थानांतर्गत ग्राम बिलहरी में बीती रात सर्पदंश से 36 वर्षीय कृष्ण कुमार गोंड की मौत हो गई है। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए असपताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि कृष्ण कुमार रात में घर की परछी पर सो रहा था तभी जहरीले सांप ने उसे डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

मंडल रेल प्रबंधक ने दिलाई सद्भावना की शपथ

जबलपुर यशभारत। सद्भावना दिवस के उपलक्ष में आज शुक्रवार को मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों नें सद्भावना की शपथ ली। मण्डल रेल प्रबंधक विवेक शील नें आज प्रातः 11.00 बजे मण्डल कार्यालय के प्रांगण में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाई।इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार एवं मंडल के शाखा अधिकारी सर्वश्री विश्व रंजन, सुबोध विश्वकर्मा, विराट गुप्ता, पी.के सिंह, यशवंत कुमार, नितेश कुमार सोने, अखिलेश नायक, गुन्नार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।ज्ञात हो कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जन्म तिथि (20 अगस्त) पर सद्भावना दिवस मनाया जाता है। मण्डल कार्यालय में 19 एवं 20 अगस्त को अवकाश होने के कारण आज अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सद्भावना की शपथ ली गई।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की मंगलमयी बेला पर समस्त देशवासियों स्नेहीजनों व मित्रगणों को हार्दिक शुभकामनाएं बधाई
आदित्यनाथ योगी मुख्यमंत्री उप्र
मनोज साहू एडवोकेट
बृजेश पटेल वरिष्ठ सदस्य
भारत सिंह वरिष्ठ
वरिष्ठ सदस्य
शुभेच्छु समस्त विश्व हिंदू महासंघ नरसिंहपुर
सौजन्य एडवोकेट मनोज साहू जिला प्रभारी (बगासपुर) गोटेगांव

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस भारत पर्व की मंगलमयी बेला पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री
एन.पी प्रजापति मा.पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
मुकेश बिलवार चेयरमैन
रोहित बिलवार डायरेक्टर
शुभेच्छुक समस्त डॉक्टर स्टाफ कर्मचारीगण
सौजन्य श्रीधाम हॉस्पिटल मुकेश बिलवार गोटेगांव

देवलोक गमन
सोमवार 07.08.2023
श्रद्धांजली
अत्यंत व्यथित हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पिता जी श्री योगेश गुप्ता (मुन्ना) का देवलोक गमन सोमवार, 07 अगस्त 2023 को हो गया है।
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु गंगाजली पूजन एवं त्रयोदशी संस्कार शनिवार, 19 अगस्त 2023 को है।
अतः पधारकर ब्रम्हलीन आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें।
पगड़ी रस्म, श्रद्धांजली एवं शोक सभा
19 अगस्त 2023, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
सभा स्थल - श्री गणेश मण्डपम् बारात घर कछपुरा माल गोदाम के सामने
त्रयोदशी कार्यस्थल
गुप्ता टेंट हाउस
आर.पी. ज्वेलर्स के सामने
यादव कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.)
मो. : 9926144161
6266566370
शोकाकुल
यश गुप्ता (पुत्र)
महेन्द्र गुप्ता, विजय गुप्ता
शैलेन्द्र गुप्ता, राजेश गुप्ता
जितेन्द्र गुप्ता, राकेश गुप्ता (भाई)
एवं समस्त गुप्ता परिवार

15 अगस्त स्वतंत्र दिवस भारत पर्व की मंगलमयी बेला पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सीएम राइज विद्यालय हाई स्कूल गोटेगांव
शुभेच्छु समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शाला परिवारजन व कर्मचारीगण
सौजन्य प्राचार्य एस.के सिसोदिया गोटेगांव जिला नरसिंहपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर
उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे
सुश्री साक्षी बाजपेई मुख्य नगर पालिका अधिकारी
स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर हर घर पर तिरंगा फहराएं
राष्ट्रीय ध्वज फहराते समय शासन के नियमों का पालन करें
अपने घरों के आसपास सफाई आवश्य रखें घरों से निकलने वाला कचरा, कचरा वाहन में ही डालें पॉलिथीन पूर्णत: प्रतिबंधित है क्रय विक्रय एवं उपयोग न करें
स्वतंत्र अपने गोटेगांव को स्वच्छता में नं.1 बनाएं
शुभेच्छु समस्त सम्माननीय पार्षद गण एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी गण कार्यालय परिवार
सौजन्य नगर पालिका परिषद गोटेगांव

श्रद्धेय सुभाषचंद्र बैनर्जी
19 अगस्त 2023
सुबह 11 बजे
मूर्ति अनावरण एवं संगोष्ठी
स्थान - मानस भवन, जबलपुर
आयोजक - विज़न जबलपुर
राजेंद्र सिंह, दीपांकर बैनर्जी
निवेदन - इसी को आमंत्रण समझकर कार्यक्रम में पधारे।

अनुश्री नेत्र चिकित्सालय एण्ड रेटिना केयर सेन्टर
आयुष्मान भारत योजना उपलब्ध
डॉ. अविजित विश्नोई
M.B.B.S., M.S., OPHTHAL, F.R.F., F.N.N., I.C.O
नेत्र, रेटिना एवं आर.ओ.पी. विशेषज्ञ, न्यूरो ऑप्थलमोलॉजिस्ट
नौदरा ब्रिज, जबलपुर
मो. 76102-76101, 9119-99828
उपलब्ध सुविधायें
+ रेटिना (आँख के परदे) का लेजर एवं ऑपरेशन से इलाज
+ मोतियाबिंद- फेको पद्धति से छोटे चीरे एवं प्रीमियम लेंस का उपचार
+ ICL/IPCL-चश्मा से छुटकारे के लिए विशेष लेंस
+ न्यूरो- ऑपथलमोलॉजी
+ सतमासे बच्चों की आँखों की जाँच एवं लेजर उपचार
+ लेंस से वंचित रह गई मोतियाबिन्द ऑपरेशन वाली आँख में विशेष लेंस प्रत्यारोपण (SFIOL,Lris Claw Lens)

JYOTI INNER ZONE
10% से 20% तक की भारी छूट
LUX COZI
AMUL MACHO
RUPA
JOCKEY
DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

कचनार सिटी, जसूजा सिटी, चैतन्य सिटी में सर्व सुविधा युक्त डुप्लेक्स एवं लम्ती विजयनगर में सिंगल एक्स उपलब्ध है
शीघ्र संपर्क करें मो-9300103737, 9074740022

"A name of Quality Education"
ESTD-2004
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
सीधे 10वीं 12वीं प्राईवेट/ रेगुलर फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध।
➡ नर्सरी से क्लास फर्स्ट तक टोटल एडमिशन फ्री (लिमिटेड शीट्स)
➡ मिडिल क्लासेस से ही कॉम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी
➡ एग्रीकल्चर सहित सभी विषय उपलब्ध है।
एडमीशन ओपन
ब्रांच - अधारताल/गोहलपुर
नोट-हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100 प्रतिशत रिजल्ट।
ENGLISH & HINDI MEDIUM
हॉस्टल+ बस सुविधा
Dr. Vijay Kant Tiwari (Director)
1. गुलाब टॉवर के सामने, अधारताल तिराहा, जबलपुर- 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
2. शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक, जबलपुर - 9111009016, 0761-4111321
ऑफिस- 8 से 4 बजे तक

सभी नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद शहपुरा (भिटौनी) जिला जबलपुर (म.प्र.)
मान. श्री राकेश सिंह जी सांसद-जबलपुर
श्री रानू सुभाष तिवारी जी जिला ग्रामीण अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी
श्रीमति प्रतिभा सिंह जी पूर्व विधायक बरगी विधानसभा
श्रीमति शिवानी विक्रांत सिंह सेंगर अध्यक्ष नगर परिषद शहपुरा भिटौनी
श्रीमति मोनिका शैलेंद्र सिंह उपाध्यक्ष नगर परिषद शहपुरा भिटौनी
श्री विक्रांत सिंह सेंगर वरिष्ठ नेता भाजपा
श्री शैलेंद्र सिंह ठाकुर मण्डल अध्यक्ष-भाजपा शहपुरा भिटौनी

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। (*पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)